नगर संस्करण

# गुड इवनिंग

सांध्य दैनिक

इंदौर-भोपाल-ग्वालियर से प्रकाशित

अलग अंदाज़, अलग नज़रिया | इंदौर, सोमवार, 09 जून 2025 | मूल्य एक रुपए | ■ पृष्ठ : 8 ■ वर्ष : 09 ■ अंक : 81

www.goodeveninglive.com | https://www.facebook.com/goodevening01 | www.goodeveningonline.com

पेज-7

कार्लोस अल्काराज ने जीता फ्रेंच ओपन खिताब



## Short News

### क्रूड ऑइल 6 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचा




**मुंबई।** ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर बड़ा उछाल आया है। कच्चा तेल एक बार फिर 70 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ता दिख रहा है जिसका असर सोमवार सुबह सरकारी तेल कंपनियों द्वारा जारी पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी पड़ा है। हालांकि दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन कई छोटे शहरों में तेल महंगा हुआ है। बीते 24 घंटों में कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 66.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है, जबकि अमेरिकी क्रूड डब्ल्यूटीआई का रेट भी 64.55 डॉलर प्रति बैरल हो गया है।

### 20 लोगों से भरा विमान म्यूजियम के पास क्रैश



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के टेनेसी राज्य के टुल्लाहोमा इलाके में रविवार को एक चौंकाने वाली घटना घटी, जब एक छोटा यात्री विमान बीचक्राफ्ट एविएशन म्यूजियम के पास हादसे का शिकार हो गया। विमान में करीब 20 लोग सवार थे। विमान लैंडिंग से ठीक पहले नियंत्रण खो बैठा। रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान टुल्लाहोमा में ओल्ड शेल्बीविले रोड के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। यह जगह म्यूजियम और रनवे के बेहद करीब है। कई घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायलों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए भेजा गया है। अब तक किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं हुई है।

### हजारों नेपालियों को अमेरिका छोड़ने का आदेश



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा कहा गया कि 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। हिमालयन टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा। इस बीच उन्हें अमेरिका से जाना होगा। नेपाल को सबसे पहले 24 जून 2015 को 18 महीने की अवधि के लिए टीपीएस के लिए नामित किया गया था।

## हनीमून पर हत्या : 3 हमलावर भी गिरफ्तार, पिता बोले- बेटी बेगुनाह

# सोनम यूपी में ढाबे पर मिली उसी ने कराई पति की हत्या



### मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने ट्वीट कर दी जानकारी

गाजीपुर (यूपी), एजेंसी

इंदौर से हनीमून मनाने मेघालय गए ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या उनकी पत्नी सोनम ने ही कराई थी। उसने यूपी के गाजीपुर में सरेंडर कर दिया है। वारदात में शामिल तीन हमलावरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। नया जीवन शुरू करने निकले नवविवाहित जोड़े की हनीमून ट्रिप संगीन अपराध में बदल चुकी है। राजा की हत्या की गुत्थी सुलझ रही है और जो सच सामने आया है, वह बेहद चौंकाने वाला है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 9 जून की सुबह उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के नंदगंज इलाके में एक ढाबे पर बैठी युवती ने फोन कर किसी से बात की और जोर-जोर से रोने लगी। ढाबा संचालक को शक हुआ तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती की पहचान की तो पता चला वह कोई और नहीं बल्कि शिलांग में हनीमून के दौरान



लापता हुई सोनम रघुवंशी है, जिसकी खोज पिछले कई दिनों से की जा रही थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया है।

**राजा की हत्या की पीछे पत्नी की साजिश :** सोनम के पकड़े जाने के साथ ही इस मामले ने नया मोड़ ले लिया है। बताया जा रहा है कि उसने अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए भाड़े के हत्यारों को मेघालय बुलाया था। पुलिस ने इस मामले में मध्य प्रदेश के चार युवकों को भी गिरफ्तार किया है। इन पर हत्या में शामिल होने का शक है। इन चारों को मेघालय से पकड़ा गया है, एक अन्य की तलाश जारी है।

**मेघालय के सीएम और डीजीपी ने दी जानकारी :** इस सनसनीखेज हत्याकांड को लेकर मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने ट्वीट कर जानकारी दी कि पुलिस ने एक सप्ताह में बड़ी सफलता हासिल की है। चार हमलावर गिरफ्तार किए गए हैं और एक महिला ने आत्मसमर्पण किया है। डीजीपी ने भी पुष्टि की कि राजा की हत्या में उसकी पत्नी की सीधी भूमिका है और यह एक पूर्व नियोजित साजिश थी।

**हत्या या तस्करी, अब सस्पेंस खत्म :** जब राजा का शव बरामद हुआ और सोनम लापता थी, तब ये आशंका जताई जा रही थी कि कहीं दोनों को मानव तस्करों ने तो नहीं अगवा कर लिया। लेकिन अब सच सामने है, यह एक सुनियोजित मर्डर था, जिसमें खुद पत्नी शामिल थी।

### दो तरह की बातें सामने आ रही

1. गाजीपुर एसपी डॉ. ईरज राजा ने बताया, गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों ने नंदगंज के काशी ढाबा पर एक महिला को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। पुलिस पूछताछ में पुष्टि हुई कि यह वही सोनम रघुवंशी है, जो अपने पति राजा रघुवंशी के साथ शिलांग में लापता हुई थी।
2. सोनम के पिता देवी सिंह ने बताया, रात करीब 2 बजे सोनम गाजीपुर के एक ढाबे पर पहुंची थी। यहां ढाबे वाले से कहकर भाई गोविंद को कॉल किया। गोविंद ने गाजीपुर से अपने परिचित को वहां भेजा। इसके बाद उन्होंने सोनम से फोन पर बात कराई।

# 9, 10, 11 जून को कहर बरपाएगी गर्मी

- सोमवार को भी तापमान कई जगह 47 डिग्री के पार जाएगा
- प्रदेश में पारा 44 डिग्री पार, आज से लू का अलर्ट
- 11 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट, भोपाल-इंदौर में गर्मी रहेगी

इंदौर/नई दिल्ली, एजेंसी

मध्य प्रदेश के दक्षिणी हिस्से में सोमवार को आंधी-बारिश का अलर्ट है, जबकि भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत बाकी जिलों में गर्मी का असर रहेगा। 10 और 11 जून को ग्वालियर-चंबल संभाग में हीट वेव यानी, लू चलने का अनुमान है। इससे पहले रविवार को प्रदेश में दिन का तापमान ?44 डिग्री पार पहुंच गया, जबकि 21 शहर ऐसे रहे, जब तापमान 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार देश में 9,10,11 जून को गर्मी कहर बरपाएगी। इसमें मध्य प्रदेश छग, उड़ीसा, राजस्थान, यूपी, बिहार, गुजरात समेत कई राज्य शामिल हैं। देश के कई राज्य के लू की चपेट में हैं। गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राज्यों में भीषण गर्मी का दौर अभी जारी रहने का अनुमान जताया है।



# 12 घंटे सुलगती रही भोपाल की पुट्ठा फैक्ट्री

### 50 दमकलें-टैंकर आग बुझाने में लगी रही, गोविंदपुरा की बस्ती खाली कराई



गुड इवनिंग, भोपाल

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एच सेक्टर आदर्श नगर स्थित वरुण इंटरप्राइजेज पुट्ठा (पेपर के गत्ते) बनाने की फैक्ट्री में रविवार रात भीषण आग लग गई थी। आग से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। देर रात तक लोग झुग्गियों से बाहर सड़कों पर डटे रहे। घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड के साथ ही अशोका गार्डन थाने से पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। फायर ब्रिगेड ने रातभर आग बुझाने का प्रयास किया, इसके बावजूद सोमवार सुबह तक धुआं निकलता रहा।

देर रात 50 से ज्यादा दमकलों और टैंकरों की मदद से भीषण आग पर काबू तो पा लिया गया था, लेकिन पुट्ठों की वजह से वह बार-बार सुलगती रही। आग झुग्गियों तक आग न पहुंचे, इसके लिए सबसे पहले दमकलकर्मियों ने वहीं मोर्चा संभाला। हालांकि, सुबह तक आग काबू में आ गई, लेकिन कुछ जगहों से वह बार-बार सुलग रही थी। इस कारण दमकलें मौके पर ही तैनात रही।

**इस वजह से लगी आग :** फैक्ट्री में रखे कागज के रोल और प्लास्टिक की मौजूदगी के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। आग बुझाने के लिए शहर के सभी फायर स्टेशनों से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। कुल 10 फायर फाइटर, 2 वाटर बाऊजर और 8 टैंकर ने करीब 5-5 बार पानी की रिफिलिंग कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। 50 से ज्यादा टैंकर और दमकलें आग बुझाने में लगे रहे।

# देश के 11 राज्यों में कोरोना से 65 मौतें



### खतरा : एक्टिव केस 6100 से ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

देशभर में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जनवरी 2025 से अब तक 11 राज्यों में कोरोना से 65 मरीजों की मौत हुई हैं। इनमें से 58 मौतें बीते 10 दिन में हुई हैं। एक हफ्ते से हर दिन औसतन 5-6 की जान जा रही है।

कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 6133 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1950 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 822, पश्चिम बंगाल में 693 और दिल्ली में 686 एक्टिव मामले हैं। हर दिन करीब 400 नए केस सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के ऑफिशियल सोर्स के मुताबिक- कोरोना के बढ़ते केसों के बीच केंद्र सरकार तैयारियों की मॉक ड्रिल कर रहा है। सभी राज्यों को ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और जरूरी दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रेलवे में बदलाव : टॉयलेट, वॉश बेसिन में हैंड वॉश डिस्पेंसर लगाए जाएंगे

# स्लीपर कोच में भी यात्रियों को मिलेगी एसी जैसी सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे ने आम यात्रियों के लिए एक और राहत भरा कदम उठाया है। अब स्लीपर कोच में सफर करने वालों को भी वो सुविधा मिलेगी, जो अब तक सिर्फ एसी डिब्बों तक ही सीमित थी। रेलवे ने फैसला लिया है कि जिन मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस उपलब्ध है, वहां अब स्लीपर कोच के टॉयलेट और वॉश बेसिन एरिया में लिक्विड हैंड वॉश डिस्पेंसर लगाए जाएंगे।

**अब तक एसी कोच तक सीमित थी सुविधा :** अब तक यह सुविधा केवल एसी कोच तक ही सीमित थी, लेकिन रेलवे की इस नई पहल के तहत स्लीपर क्लास यात्रियों को भी बेहतर स्वच्छता का अनुभव मिलेगा। वॉशबेसिन के पास हाथ धोने की साफ व्यवस्था से न केवल सफर आरामदायक होगा, बल्कि यात्रियों की सेहत का भी ध्यान रखा जा सकेगा।

**रेलवे बोर्ड का सख्त निर्देश :** रेलवे बोर्ड ने सभी जोनल रेलों को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि सभी सुविधा से युक्त सभी ट्रेनों में यह बदलाव किया जाए। ट्रेन के रवाना होने से पहले इन डिस्पेंसरों को भरा जाएगा और यदि सफर के दौरान ये खत्म हो जाएं तो उन्हें दोबारा भरवाने की जिम्मेदारी हाउसकीपिंग स्टाफ की होगी।



**लाखों यात्रियों को मिलेगा फायदा :** हर दिन लाखों लोग स्लीपर क्लास में लंबी दूरी की यात्रा करते हैं। ऐसे में यह बदलाव उनके सफर को न केवल स्वच्छ, बल्कि और भी आरामदायक बनाएगा। यह फैसला खासकर उन ट्रेनों के लिए राहत भरा है जहां यात्रियों की संख्या ज्यादा होती है और हाइजीन को बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो जाता है।




### अब पैरालिसिस, स्पाइन कोर्ट इंजुरी जैसी गंभीर बीमारी से निजात पाना नहीं मुश्किल

मनुष्य के जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं और इन्हीं उतार-चढ़ाव में उनका पूरा जीवन गुजर जाता है। इस बीच कुछ ऐसी परेशानियां भी आ जाती है, जिससे कि जीवन जीने की राह भटक-सी जाती है। जीवन की राह भटकाने में सबसे ज्यादा हाथ होता है बीमारियों का, जिससे की इंसान सबसे ज्यादा भयभीत और परेशान रहता है।

- क्या आप पैरालिसिस या स्पाइनल कॉर्ड इंजुरी के पेशेंट है?
- क्या आपके शरीर का आधा हिस्सा या कमर के नीचे का हिस्सा काम नहीं करता या फुट ड्रॉप की समस्या है?
- क्या आपको यूरिन या मोशन में कंट्रोल नहीं है?
- क्या आप भी शरीर में अकड़न महसूस करते है?
- क्या आपको हाथ पैर चलाने में कठिनाई होती है?
- क्या आप इस समस्या से रिकवर करना चाहते है?

तो आज ही किसी भी तरह के शारीरिक दर्द के लिए डॉ साहू से जरूर मिले। इसमें हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने के बाद आपको धैर्य एवं लंबे रिहैब ट्रीटमेंट लेना अनिवार्य होता है। इसके लिए आप विश्वास करें सेंट्रल इंडिया के सबसे बड़े और एडवांस क्लीनिक SD फिजियो थैरेपी क्लीनिक पर जो कि न्यूरो रिहैब के लिए संकल्पित है।

### शहरवासियों को हरियाली बचाने का दिया संदेश, शहीदों की याद में बना हरित धरोहर सिंदूर वाटिका

# पहलगाम हमले में शहीद लोगों को समर्पित की सिंदूर वाटिका

गुड इवनिंग, इंदौर

*रविवार को एकात्म वन संस्था द्वारा नर्मदा चौराहे स्थित सर्विस रोड़ पर वृक्षारोपण का वृहद आयोजन किया गया। पहलगाम आतंकी हमले में शहीद लोगों की याद में आयोजित इस कार्यक्रम में आमजनों के साथ रहवासी व युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। पौधारोपण वाले स्थान का नाम सिंदूर वाटिका रखा गया। इस वाटिका में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधों के साथ ही 26 सिंदूर के पौधे भी रोपे गए एवं उन्हें पौधे से पेड़ बनाने का संकल्प भी इस दौरान सभी को दिलाया गया। वृक्षारोपण के पूर्व राजेंद्र नगर स्थित दत्त मंदिर से रैली भी निकाली गई। जिसमें युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। युवाओं ने अपने हाथों में तख्तियां थाम कर शहरवासियों से हरियाली बचाने व जल संरक्षण का संदेश दिया।*

एकात्म वन संस्था एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजक आयुष शर्मा एवं अंकित शर्मा ने बताया कि हमारी यह अभिनव पहल सिंदूर वाटिका पहलगाम हमले में शहीद लोगों को समर्पित रहेगी। इन वाटिका में 1000 किस्मों के छायादार व फलदार पौधे रोपने के साथ ही पहलगाम में शहीद हुए 26 लोगों की याद में 26 सिंदूर के पौधे भी रोपे गए हैं और इसे सिंदूर वाटिका नाम दिया गया है। यह सिर्फ एक हरित पहल नहीं, बल्कि एक जीवंत स्मारक होगा। जहां हर पौधा उनकी यादों को संजोता रहेगा व हर पत्ता हमें उनकी याद दिलाता रहेगा। आयुष शर्मा बताते बताते हैं कि जीवन को बचाने के लिए प्रकृति को सहेजना अब हमारी भी जिम्मेदारी है। एकात्म वन की इस अभिनव पहल को रहवासियों के साथ-साथ पर्यावरणविदों व प्रकृति प्रेमियों ने भी खूब सराहा और उन्हें हर संभव मदद देने की बात कहीं। रविवार को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्षद प्रशांत बडवे, मनीष जोशी सहित अन्य पर्यावरणविद् उपस्थित थे।



#### अब तक 3 लाख 20 हजार पौधे रोपे

आयुष शर्मा एवं अंकित शर्मा ने बताया कि एकात्म वन की शुरुआत 2019 में की गई थी। संस्था अभी तक 3 लाख 20 हजार से अधिक पौधे रोप चुकी हैं। उन्होंने बताया कि एकात्म वन सिर्फ पौधे का रोपण ही नहीं करती बल्कि उसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाती हैं और उन पौधों को पेड़ बनाने तक उसकी देखरेख करती हैं। एकात्म वन का उद्देश्य शहर में हरियाली बचाने व जल संरक्षण का है। शर्मा बताते हैं कि मियावाकी पद्धति से पौधों का रोपण किया जाता हैं। यह एक वनरोपण तकनीक हैं। जिसमें एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के देशी वृक्षों को बहुत करीब-करीब लगाकर संघन और आत्मनिर्भर वन बनाने की एक विधि है, जो पारंपरिक पौधारोपण से 10 गुना तेजी से बढ़ता है।

#### जंगलों में 150 से ज्यादा किस्मों के पौधे रोपे

एकात्म वन शहर ही नहीं गांवों व जिलों में भी पौधारोपण अभियान चला चुकी है। एकात्म वन द्वारा अहिल्या वन (राजेंद्र नगर), संजय जलाशय (पीथमपुर), एटीपीसी (खरगोन), सिवनी-मालवा, इन्द्रप्रस्थ नगर, रीजनल पार्क में भी छायादार व फलदार पौधे रोपे हैं। इसके साथ ही उन्होंने सूरत, खरगोन व जलबपुर में भी आमजनों के सहयोग से हरियाली बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। एकात्म वन द्वारा जंगलों में 150 से ज्यादा किस्मों के पौधे भी लगा चुके हैं। वहीं तालाब को संरक्षित रखने के लिए 7 लाख स्के फीट की बंजर जमीन पर भी घास लगा चुके हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा 13 जुलाई से होगी

### संतोष अध्यक्ष, प्रभारी करूणानिधि निर्विरोध चुने



गुड इवनिंग, इंदौर

पालीवाल समाज की ऊजार्वान युवा टीम ने समाजहित में कई महत्पूर्ण भूमिका निभाई, और संगठन को मजूबती से सबसे अलग अपनी पहचान बनाने में अहम रोल में दिखाई दिए. भागवत सेवा समिति की वार्षिक बैठक आहुत की गई, जिसमें सर्वसहमति से श्री संतोष बागोरा को वर्ष 2025-2026 में संचालित गतिविधियों के लिए अध्यक्ष पद पर तथा प्रभारी पद पर श्री करुणानिधि जोशी को निर्विरोध रूप से चुना गया।

भागवत सेवा समिति के मुख्य कार्यक्रम श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आगामी दिनांक 13 से 19 जुलाई 2025 तक श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण, पालीवाल समाज भवन, महाराणा प्रताप मार्ग इंदौर मध्य प्रदेश पर आयोजित किया जा रहा हैं। भागवत प्रीमियर लीग की सफलता के बाद इस वर्ष भागवत सेवा समिति ने आयोजन समिति का निर्माण करने की घोषणा की हैं, जिसमें हर आयोजन की जिम्मेदारी समिति के प्रमुख लोगो को दी जाएगी।

जहां भागवत प्रीमियर लीग की जिम्मेदारी सर्वश्री जयेश जी व्यास, कपिल पुरोहित, भास्कर जोशी ने जिम्मेदारी पूर्वक संभाली वहीं इस वर्ष भागवत आयोजन की संपूर्ण जिम्मेदारी अध्यक्ष और प्रभारी जी ने सर्वश्री कमलेश जोशी, हेमंत दवे, प्रवीण पुरोहित को दी गई है, इस वर्ष इन्हीं की देख-रेख में संपूर्ण आयोजन संपन्न होगा।

इस महत्वपूर्ण बैठक में भागवत सेवा समिति के सदस्य सर्वश्री कपिल पुरोहित, जयेश व्यास, भास्कर जोशी, हेमंत व्यास, कुणाल जोशी, राकेश दवे, घनश्याम पुरोहित, राकेश पुरोहित, ऋतिक जोशी के साथ ही घनश्याम जी बागोरा, राज जोशी, पीयूष बागोरा, संतोष जोशी, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# महिलाओं के लिए योग शिविर में प्राकृतिक चिकित्सा के सूत्र, 600 ने नाम लिखाया

गुड इवनिंग, इंदौर

स्कीम 71, दस्तूर गार्डन के पीछे सेक्टर सी स्थित अनंतश्री सुखराम ट्रस्ट रामद्वारा पर चल रहे महिलाओं के योग शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साहपूर्वक भाग ले रही हैं। पिछले तीन दिनों में इस शिविर में 600 से अधिक महिलाओं ने शामिल होकर योग के प्रति अपनी दिलचस्पी और उत्साह को व्यक्त किया है। आज से यहां प्रतिदिन शाम 5 से 6 बजे तक केवल महिलाओं के लिए ही नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी।

शिविर संयोजक किशोर गोयल एवं प्रवीण मिश्रा ने बताया कि समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से चल रहे इस शिविर में आने वाली सभी महिला साधकों के लिए निशुल्क हेल्दी फ्रूट एवं ज्यूस की व्यवस्था भी रखी गई है। शिविर में तीनों दिन योग टेम्पल के योगाचार्य मनोज गर्ग के निर्देशन में योग के साथ आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा (नेचरोपैथी) के महत्वपूर्ण और सरल सूत्र भी बताए गए। इसके साथ ही हर्षिता साल्वी, गायत्री पानेरी एवं प्रियंका जैन द्वारा भजन योगा की प्रस्तुतियां भी साधकों को सम्मोहित बनाए हुए है। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन की ओर से श्रीमती वंशिका तपन अग्रवाल ने भी शिविर में आए साधकों का उत्साहवर्धन किया। शहर में यह 18 वां योग केन्द्र संचालित हो रहा है। इनमें 11 केन्द्र महिला-पुरुष दोनों के लिए हैं, जबकि 7 योग केन्द्र केवल महिलाओं के लिए चलाए जा रहे हैं।




योग केन्द्र प्रभारी श्रीमती आशा बी. जैन ने बताया कि आज रविवार को इस शिविर में साधकों की सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की गई। अतिथियों का स्वागत धर्मेन्द्र गर्ग, शरद कदम, संजय गोयनका, कमलेश गर्ग, संगीता गुप्ता, अलका गर्ग, जया जैन, प्रीति भार्गव, पिंकी गर्ग आदि ने शिविर में आने वाले प्रशिक्षकों एवं साधकों का स्वागत किया। शिविर में हास्य योग, ध्यान का अभ्यास और संतुलित भोजन से शरीर को स्वस्थ रखने के उपाय भी बताए गए । हास्य योग की प्रस्तुतियां योगाचार्य रमेश मौर्य द्वारा दी गई। आज से प्रतिदिन महिलाओं के लिए इसी स्थान पर शाम 5 से 6 बजे तक नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। शिविर में भाग लेने की इच्छुक महिलाएं मोनिका दुबे से 91655-00500 एवं माधुरी गड़ेवाल से 989934-89417 पर संपर्क कर अपना निशुल्क पंजीयन करा सकती हैं।

# 20 जून को योग महाकुंभ, प्रमुख संस्थाएं भी बनी भागीदार

गुड इवनिंग, इंदौर

अग्रसेन योद्धा के सभी नौ विधानसभा प्रभारी और 85 वार्ड प्रभारी अपने क्षेत्रों में 11 से 18 जून तक 350 से अधिक कालोनियों में अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने के लिए अभियान चलाएंगे। संस्था छवि एवं अन्य संगठनों द्वारा 20 जून को दशहरा मैदान पर सुबह 6 से 8 बजे तक होने वाले योग महाकुंभ में 10 हजार से अधिक साधकों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

अग्रसेन योद्धा टीम के प्रमुख संजय बांकड़ा ने बताया कि इस वृहद आयोजन के प्रति शहर के नागरिकों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अग्रसेन योद्धा टीम के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी संजय अग्रवाल (गोल्ड क्वाइन ट्रस्ट), अजय मित्तल (नंदानगर), राजेन्द्र गोयल (समाधान), पिंकेश मोदी, के.के. अग्रवाल (विजय नगर), नितिन अग्रवाल (एयरपोर्ट), रितेश राजवंशीय, विकास जिंदल के साथ संस्था छवि के प्रमुख गोपाल गोयल (भाजपा) के नेतृत्व में आज मीरापथ स्थित कार्यालय पर सभी प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें तय किया गया कि शहर की सभी नौ विधानसभा सीटों एवं 85 वार्डों के प्रभारी एवं शहर की 350 से अधिक कालोनियों में बनाए गए प्रभारियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ने और उन्हें नियमित रूप से योग के लिए प्रेरित करने के लिए एक समयबद्ध अभियान 11 जून से चलाया जाएगा। इस योग महाकुंभ में हरिओम योग केन्द्र चेरेटिबल ट्रस्ट, योग टेम्पल, पंचकर्म आयुर्वेद एवं नेचरोपैथी सेंटर, अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन, टैक्स प्रेक्टिसनर्स संगठन इंदौर, हेल्थ सेंट्रल इंदौर एवं संस्था प्रहरी के पदाधिकारियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराने का संकल्प व्यक्त किया है। योद्धा टीम के राजेश मित्तल (मालवा मील), मनोज अग्रवाल (अन्नपूर्णा) एवं धर्मेन्द्र गर्ग ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में 18 जून तक क्षेत्र के प्रभारियों की बैठकें होंगी, जिनमें इस योग महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में समाजबंधुओं को जोड़ने का आव्हान किया जाएगा। बैठक में शहर में योग गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के अभियान के समन्वयक किशोर गोयल भी विशेष रूप से उपस्थित थे।



# श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ इंदौर ने विजेता टीम को 5001 रु. की नगद राशि से किया सम्मानित



गुड इवनिंग, इंदौर

गत दिनों पालीवाल समाज की एक ऐतिहासिक क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। विजेता टीम को श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ इंदौर ने एक आयोजन में 5001 रुपए की नगद राशि से पुरुस्कृत किया।

श्री भागवत सेवा समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भागवत प्रीमियर लीग (बीपीएल) क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन चाणक्यपुरी अन्नपूर्णा रोड टर्फ पर आयोजित किया गया था, जिसके अंतर्गत पालीवाल ब्राह्मण समाज के कई युवाओं ने अपनी-अपनी क्षेत्र वाइज टीम बनाकर इस क्रिकेट आयोजन में पार्टिसिपेट किया।

जिसके अंतर्गत फाइनल मुकाबले में रेवेन्यू कॉलोनी रावजी बाजार के बीच रोमांचकारी फाइनल मुकाबला हुआ था. जिसके अंतर्गत दिनांक 15 मई 2025 को रावजी बाजार ने फाइनल मैच में अपनी शानदार जीत अर्जित की। इस अवसर पर 16 मई 2025 को पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी धर्मशाला चारभुजा मंदिर इंदौर, मध्य प्रदेश में सभी टीम को पुरुस्कृत किया गया और साथ ही साथ फाइनल टीम को विजेता ट्रॉफी व समाज के कई वरिष्ठ व संस्थाओं द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ इंदौर के राष्ट्रीय संयोजक श्री संतोष पिता हीरालाल जी जोशी (संटू) ग्राम. बिजनोल द्वारा 5001 रुपए की नगद राशि रावजी बाजार विजेता टीम को दी गई। इस अवसर पर पैदल यात्री संघ के व्यवस्थापक व पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी इंदौर कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश जोशी (गाम. उथनोल), मुकेश व्यास (गाम. जावड़), सुखदेव जोशी-सुदामा (गाम. बिजनोल), जितेंद्र पुरोहित (गाम.गुडला), गौ भक्त प्रेमी राजेश पालीवाल (गाम. गुडला), शिवम्-स्टूडियो के शिव जोशी (गाम. बिजलाई), राजेश सोनी सराफा आदि उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय रक्तदान शिविर और 5 हजार पौधे रोपने के अभियान का श्रीगणेश

गुड इवनिंग, इंदौर

दान कई तरह के होते हैं, लेकिन इन सब में रक्तदान सबसे बहुमूल्य होता है। यह ऐसा दान है, जो किसी ओर से नहीं मिल सकता, केवल मनुष्य ही रक्तदान दे सकता है और ऐसा दान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का काम आता है। मेरी मंगल कामना है कि तीनों दिनों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों में जो रक्त संग्रहित होगा, उसका उपयोग जरूरतमंद और पीड़ित मानवता को नया जीवन देने में होगा। ऐसे सभी लांभांवित व्यक्ति शतायु और चिरायु हों, यही हमारा शुभ भाव है। पर्यावरण के क्षेत्र में भी पांच हजार पौधे रोपने के साथ उनकी संपूर्ण देखभाल और सुरक्षा का जिम्मा भी फाउंडेशन द्वारा लिया गया है। शहर के हित में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बहुत कुछ करने की गुंजाईश कायम है।

यह प्रेरक विचार हैं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के चेयरमैन एवं वरिष्ठ समाजसेवी, उद्योगपति विनोद अग्रवाल के, जो उन्होंने रविवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर पर आयोजित रक्तदान शिविर में व्यक्त किए। इसके साथ ही फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय रक्तदान शिविर की श्रृंखला एवं शहर में पांच हजार पौधे रोपने के अभियान का श्रीगणेश भी हुआ। नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में इस अवसर पर खजराना गणेश मंदिर के पुजारी पं. अशोक भट्ट, प्रबंधक जी.एस. मिश्रा, श्रीमती अर्चना अग्रवाल एवं श्रीमती वंशिका तपन अग्रवाल, सुशील बेरीवाल भी विशेष रूप से उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में 300 से अधिक लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगों को निगमायुक्त वर्मा के साथ प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान एक बहुमूल्य दान है, जो सबसे अधिक महत्व रखता है। मानवता की पहचान संस्था भी इसमें सहयोग दे रही है।





फाउंडेशन के ट्रस्टी तपन अग्रवाल एवं श्रीमती वंशिका अग्रवाल ने बताया कि रविवार को शहर में एक साथ 10 स्थानों पर बड़े रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, इनमें खजराना गणेश मंदिर के साथ ही स्कीम 78 स्थित अटल खेल परिसर, एमआर-10 वीणा नगर स्थित मां सावित्री गार्डन, छोटा बांगड़दा स्थित बाबाश्री रिसोर्ट, रणजीत हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, छावनी स्थित चमेलीदेवी रेडक्रास ब्लड बैंक, वायएन रोड स्थित राणी सती मंदिर, पालदा जैसे स्थान शामिल हैं, जहां एक साथ एक ही समय पर औसतन प्रत्येक केन्द्रपर 200 से 300 लोगों ने रक्तदान किया है। शहर में पहली बार किसी सामाजिक संगठन द्वारा रक्तदान शिविर की इतनी लंबी श्रृंखला का आयोजन किया गया। यही नहीं सोमवार को भी तीन स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा। इसी तरह मंगलवार, 10 जून को भी 14वां शिविर आयोजित होगा। इंडिया बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा इस पूरी शिविर श्रृंखला को विश्व कीर्तिमान के रूप में दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही आज से शहर में पांच हजार पौधे रोपने का महत्वाकांक्षी अभियान भी शुरू किया गया है। विनोद अग्रवाल ने शहर के हित में पर्यावरण संरक्षण को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हम केवल पौधे ही नहीं रोपेंगे, उनको पेड़ बनने तक अपनी निगरानी और देखभाल में भी रखेंगे।

## महेश्वर किला बना आकर्षण का केंद्र...



फोटो : गुड इवनिंग

इंदौर। नर्मदा चौराहे पर निर्मित महेश्वर का किला शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को जीवंत करता प्रतीत होता है। यह स्थापत्य न केवल चौराहे की शोभा बढ़ा रहा है, बल्कि इंदौर शहर को एक नई पहचान भी दे रहा है। महेश्वर की गौरवशाली ऐतिहासिक शैली में बना यह किला आने-जाने वालों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है और मालवा की समृद्ध परंपरा की याद दिलाता है। यह स्थल अब सेल्फी पॉइंट के रूप में भी लोकप्रिय हो रहा है और स्थानीय जनता के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

### दो स्टेशन पर पांच रुपए और पांच स्टेशनों पर आठ रुपए किराया लगेगा

# यात्रीगण ध्यान दें, इंदौर मेट्रो में सफर फ्री नहीं, देना होगा किराया

गुड इवनिंग, इंदौर

*सुपर प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को रविवार से किराया देना होगा। दो स्टेशन के बीच सफर करने पर पांच रुपये और पांच स्टेशन तक सफर करने पर आठ रुपये शुल्क देना होगा। देवी अहिल्याबाई होलकर स्टेशन (गांधी नगर) से मेट्रो में बैठने के बाद पांचवें वीरांगना झलकारी बाई स्टेशन (टीसीएस) पर उतरने पर यात्री को आठ रुपये किराया देना होगा। वीरांगना झलकारी बाई स्टेशन से पुनः मेट्रो में बैठ देवी अहिल्याबाई होलकर स्टेशन पर लौटने के लिए फिर से आठ रुपये का टिकट लेना होगा।*

गौरतलब है कि पिछले एक सप्ताह में डेढ़ लाख से ज्यादा इंदौरवासियों ने सफर किया है। शहरवासी अभी तक मेट्रो में निश्शुल्क सफर कर रहे थे। रविवारी से बिना टिकट यात्रा करने पर मेट्रो में जुमार्ना भी लगेगा। आठ से 15 जून तक मेट्रो के निर्धारित किराए में 75 फीसद छूट यात्रियों को मिलेगी। मेट्रो के शुभारंभ मौके पर जहां 25 हजार से ज्यादा लोगों ने सफर किया था। वहीं एक से सात जून तक टिकट लेकर एक लाख 43 हजार 301 लोगों ने सफर किया।



**100 फेरे रोज लगाए**

मेट्रो ट्रेन कापोर्रेशन ने शुरूआत में 50 फेरे रोज लगाने का फैसला लिया था, लेकिन मुफ्त यात्रा के कारण भीड़ बढ़ी और 100 से ज्यादा फेरे प्रतिदिन लगाए गए। सोमवार से मेट्रो ट्रेन 50 फेरे ही लगाएगी। अभी टिकट जरूर तय किया गया है, लेकिन उसकी दरें भी रियायती हैं। यात्रियों ने रविवार को पांच रुपये न्यूनतम मूल्य चुकाया और सात किलोमीटर के सफर के लिए उनके मात्र आठ रुपये खर्च हुए।

**जेब में सिगरेट व तंबाकू पाउच ले जाने पर प्रतिबंध**

मेट्रो में सफर करने से पहले सुरक्षाकर्मी पांचों स्टेशन पर यात्रियों की जांच कर रहे हैं। यात्रियों के पास बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू व गुटखे के पाउच मिलने पर जब्त कर एक बक्से में डाला जा रहा है। पिछले पांच दिन से हर दिन मेट्रो स्टेशन पर इस तरह के उत्पादों से बक्से भर गए हैं।

# कोविड से निपटने के लिए हुई बैठक, सावधानी बरतने की अपील

### तैयारियों के संबंध में की गई चर्चा



गुड इवनिंग, इंदौर

जिले में कोविड-19 संक्रमण से निपटने के लिए सतर्कता और एहतियात के व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिले के नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वह घबराएं नहीं, बलकि सतर्क रहते हुए लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और समय पर उपचार लें। जिले में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है।

यह जानकारी रविवार को प्रभारी कलेक्टर गौरव बेनल की अध्यक्षता में हुई कोविड समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, डॉ. माधव हसानी सहित जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय अस्पतालों के संचालक मौजूद थे। बैठक में जनवरी 2025 से अभी तक की कोविड स्थिति की समीक्षा की गई। इस अवधि में इंदौर जिले में कुल 41 कोविड पॉजिटिव केस सामने आए हैं, जिनमें से 26 मरीज वर्तमान में आइसोलेशन में रहते हुए उपचाररत हैं। सभी मरीजों की स्थिति सामान्य बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि वर्तमान में जो संक्रमण के केस सामने आ रहे हैं, वह अत्यंत सामान्य स्वरूप के हैं, जिनमें गंभीर लक्षण नहीं देखे जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा सभी अस्पतालों को सतर्क रहने और कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वह भीड़-भाड़ वाले स्थानों में मास्क का उपयोग करें, बार-बार हाथ धोएं और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। श्री बेनल ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां रखी जाए। जरूरी सामग्री और औषधियों का पर्याप्त स्टॉक रखना तय किया जाए। सप्लाई चेन की व्यवस्था की जाए। आर.आर.पी. दल को प्रशिक्षित किया जाए। बताया गया कि शासकीय और अशासकीय अस्पतालों में सेम्पलिंग और जांच की पर्याप्त व्यवस्था है। गौरतलब है कि वर्तमान में मौसम के बदलाव के कारण विभिन्न तरह के वायरस आदि से श्वसन संबंधी बीमारियां हो रही हैं। ओमिक्रॉन के वर्तमान में प्रचलित वैरियएंट के सकुर्लेशन में है। जिससे खांसी, गले में खराश के साथ हल्की बीमारी के लक्षण जैसे बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में दर्द जैसे सामान्य लक्षण दिखाई देते हैं।

# फाटक बंद, 20 किमी घूमकर जाना पड़ रहा मांगलिया

### दो दर्जन गांव के लोग प्रभावित हो रहे हैं

गुड इवनिंग, इंदौर

मांगलिया-सांवेर मुख्य मार्ग रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) बनाने के लिए शनिवार को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। करीब एक साल बंद सांवेर रोड की तरफ जाने वाले लोगों को परेशानी होगी। इस मार्ग पर आने वाले एक दर्जन से अधिक गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को मांगलिया आने-जाने के लिए 20 किमी लंबा चक्कर लगाकर सफर करना होगा। इनको सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास, इ्काच्या या शिप्रा होकर आना-जाना करना होगा। सांवेर से आने वाले लोगों को भी शिप्रा या ड्काच्या का मार्ग चुनना होगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा मांगलिया का आरओबी बनाया जा रहा है। 32 करोड़ की लागत से बनने वाले आरओबी के निर्माण के लिए रेलवे फाटक को पूरी तरह से बंद कर दिया गया। शनिवार रात से निर्माण कार्य में गति लाने के लिए फाटक बंद किया गया है।

मांगलिया से सांवेर रोड की ओर जाने वालों को परेशानी उठानी होगी। अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर वह आवागमन कर सकते हैं। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने ब्रिज निर्माण करने वाली कंपनी को निर्देशित किया है कि निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं बरती जाए। वहीं आमजन को कम से कम परेशानी हो।



**किसानों ने शुरू किया विरोध**

रेलवे फाटक एक साल के लिए बंद करने के निर्णय को लेकर क्षेत्र में विरोध भी शुरू हो गया है। किसान नेता हंसराज मंडलोई ने निर्माण एजेंसी और प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना ही मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा प्लेथिको के पास स्थित पुराने मार्ग को (रेलवे गेट न. 244) थोड़ा सुधार दिया जाता, तो हजारों ग्रामीणों को रोजाना 20 किलोमीटर का बेवजह चक्कर लगाने से राहत मिल सकती थी। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो विरोध और तेज होगा।

## शहर और गांवों में लगाए 750 नए ट्रांसफार्मर

इंदौर। रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत पश्चिम मप्र यानि मालवा और निमाड़ क्षेत्र में अब तक 6200 अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इनसे लाखों उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में ज्यादा गुणवत्ता के साथ बिजली मिल रही है।

इन नए ट्रांसफार्मर से किसान श्रेणी, औद्योग श्रेणी, घरेलू श्रेणी, व्यापारिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को लाभ मिला हैं। वोल्टेज के उतार चढ़ाव से निजात मिली हैं। कॉलोनी, बाजार, बस्ती, खेत, गलियों की बिजली वितरण क्षमता में बढ़ोत्तरी हुई हैं। आरडीएसएस के तहत लगे इन ट्रांसफार्मरों की स्थापना जीईएस सर्वे के बाद की गई हैं। यानि इंदौर, भोपाल, दिल्ली में बैठे अधिकारी ट्रांसफार्मर की लोकेशन एक क्लिक में पता कर सकते हैं। ट्रांसफार्मरों पर स्पष्ट रूप से आरडीएसएस का उल्लेख किया गया हैं, जो उपभोक्ताओं को दूर से ही पढ़ने में आ जाता हैं। इंदौर जिले में ही 750 से ज्यादा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इंदौर के हवाबंगला रोड के रहवासियों के मुताबिक नए कार्यो से वोल्टेज संबंधी समस्या खत्म हो गई हैं। आरडीएसएस के पोल और ट्रांसफार्मर पर आरडीएसएस लिखा जाना पारदर्शिता प्रकट करता हैं।



पोस्टमॉर्टम के लिए पुलिस ने कब्र खोदकर निकाली बॉडी

# 18 साल की रेप पीड़िता की मौत, चुपके से दफना दिया

गुड इवनिंग, भोपाल

*भोपाल के ऐशबाग में रहने वाली 18 साल की रेप पीड़िता की गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात मौत हो गई। फरवरी महीने में उसने एक युवक पर रेप का केस दर्ज कराया था। एफआईआर से पहले उसने टायलेट क्लीनर पीकर सुसाइड की कोशिश की थी। लंबे इलाज के बाद उसकी जान बच गई थी, लेकिन तबीयत लगातार खराब रहने लगी थी। पुलिस का कहना है कि रेप पीड़िता की मौत के बाद पुलिस को सूचित किए बगैर दफन कर दिया था। रविवार शाम को कोर्ट के आदेश पर बॉडी को कब्जे में लेकर पीएम के निकाला गया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।*



**शादी का झांसा देकर 2 साल किया शोषण**-पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती ऐशबाग इलाके में रहती थी। उसकी अयान नामक युवक से दोस्ती थी। बाद में दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। इस दौरान अयान ने शादी का प्रलोभन देकर दो साल तक उसका दैहिक शोषण किया। अयान कहता था कि बालिग होने के बाद शादी कर लेगा। वह बालिग हुई और तो युवती ने फरवरी माह में उसने शादी करने की बात कही। लेकिन आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। दोनों के बीच शादी की बात लेकर विवाद होने लगा। इससे दुखी होकर पीड़िता ने टायलेट क्लीनर पी लिया।

**कब्र से बाहर निकाला गया शव**-ऐशबाग थाने के एसआई जनार्दन मिश्रा ने बताया कि रविवार दोपहर एसडीएम से परमिशन लेने के बाद देर शाम कब्र की खुदाई कर युवती की लाश को बाहर निकाला गया है। हमीदिया अस्पताल के मॉचुरी में शव रखवा दिया है। सोमवार को पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बयानों के बाद दर्ज हुई थी एफआईआर

परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और उसका इलाज चल रहा था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के बयान लिए। पीड़िता ने बताया कि अयान ने उसे धोखा दिया है। पुलिस ने बयान के आधार पर आरोपी अयान के खिलाफ बलात्कार, दैहिक शोषण और पास्को एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी जेल में बंद है।

# 3 साल के बच्चे का राजस्थान में अपहरण



गुड इवनिंग, भोपाल

राजस्थान के सीकर गए एक 3 साल के बच्चे का अपहरण हो गया। बच्चा अपनी नानी और मां के साथ खाटू श्याम जी के दर्शन करने गया। जैसे ही जयपुर स्टेशन पर पहुंचे, एक युवक उनसे मिला और कहा कि वह भी खाटू श्याम जा रहा है। इसके बाद वह उनके साथ चल दिया।

खाटूश्यामजी मंदिर पहुंचने पर युवक ने भीड़ का बहाना बनाया और बच्चे को अपने पास रखकर मां-नानी को दर्शन के लिए भेज दिया। जब दोनों महिलाएं दर्शन करके लौटीं तो न तो बच्चा मिला और न ही वह युवक। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

घटना 6 जून की है। परिवार ने 7 जून को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने क्षेत्र के सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के इलाकों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

**एकादशी पर दर्शन करने गया था परिवार**-भोपाल से यह परिवार एकादशी पर दर्शन के लिए आया था। मां ने बताया कि 6 जून को वह 3 साल के बेटे रक्षम और सास आशा के साथ ट्रेन से जयपुर पहुंची। प्लेटफॉर्म पर एक युवक से मुलाकात हुई, जो खाटू जाने की बात कहकर उनके साथ हो लिया था।

**थाने के आसपास भी घूमा, फिर गायब हो गया**-पुलिस जांच में सामने आया कि किडनैपर बच्चे को एक दुकान पर ले गया, जहां उसे फ्रूटी पिलाई। वह पुलिस थाने के आसपास भी घूमा, फिर कहीं गायब हो गया। 7 जून की शाम को मां ने पुलिस थाने पहुंची। एसपी भुवन भूषण यादव के निर्देश पर कई टीमें सर्चिंग कर रही हैं। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और आसपास के इलाकों में तलाश जारी है।

**अपहरण की सूचना के बाद पिता सीकर पहुंचे**-बच्चे के पिता अजय कुमार जाटव अपहरण की सूचना के बाद रविवार सुबह खाटूश्याम पहुंचे हैं। वे भोपाल में मिस्त्री का काम करते हैं और पुष्पा नगर में रहते हैं। तीन बेटियों में उनका इकलौता बेटा रक्षम है। पुलिस लगातार सर्चिंग कर रही है। हालांकि, बच्चे का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है। परिजन सुबह से थाने में ही हैं। पुलिस बच्ची की मां और नानी के बयान दर्ज कर चुकी है। जयपुर पुलिस को आरोपी की फुटेज भेजी जा चुकी हैं। जिससे उसकी पहचान की जा सके और गिरफ्तारी की जा सके।

# रेड माउंटेन स्पा सेंटर में पकड़ा सेक्स रैकेट

## 5 युवतियां, दो कस्टमर, मैनेजर सहित आठ पकड़े, आपत्तिजनक सामग्री मिली

गुड इवनिंग, ग्वालियर

शहर में एक स्पा सेंटर पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई की है। पुलिस को स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट चलता मिला है। यहां पुलिस ने एक्शन लेकर पांच युवतियों के अलावा मैनेजर और दो कस्टमर पकड़े गए हैं। पकड़े गए दोनों कस्टमर के साथ दो युवतियां आपत्तिजनक अवस्था में मिली हैं। पुलिस ने यह कार्रवाई रविवार रात गोविंदपुरी स्थित रेड माउंटेन स्पा सेंटर में की है।

पकड़ी गई युवतियों में चार लड़कियां ग्वालियर और एक मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले की है। पूछताछ में पता लगा है कि यहां तीन हजार रुपए लेकर फुल बॉडी मसाज के नाम पर सेक्स सर्विस दी जा रही थी। फिलहाल पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही थी।

ग्वालियर क्राइम ब्रांच एएसपी कृष्ण लालचंदानी ने बताया कि सूचना मिली थी कि गोविन्दपुरी स्थित रेड माउंटेन स्पा सेंटर पर अनैतिक गतिविधियां होती है। इसका पता चलते ही सीएसपी विश्वविद्यालय हिना खान, महिला थाना प्रभारी रश्मि भदौरिया को जानकारी जुटाने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। रविवार की रात पुलिस टीम ने यहां पर दबिश दी।

पुलिस को देखते ही मैनेजर ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस जब अंदर पहुंची तो दो युवक व दो युवती अलग-अलग रूम में आपत्तिजनक हालत में मिले हैं। इसके अलावा एक अन्य रूम में तीन युवतियां बैठी मिली हैं।



### मैनेजर चलवा रहा था रैकेट

पुलिस ने जब स्पा सेंटर की तलाशी ली तो यहां से काफी आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। पुलिस पड़ताल में पता चला है कि पांचों युवतियों में चार ग्वालियर के अलग-अलग इलाके की है और एक बड़वानी की है। वहीं पकड़े गए मैनेजर विक्रम शर्मा तथा कस्टमर अमित भदौरिया, सूरज चावड़िया को हिरासत में ले लिया है। अमित एक अस्पताल में कर्मचारी है, जबकि सूरज भी सफाई कर्मचारी है। पुलिस जांच में पता चला है कि इस स्पा सेंटर का मालिक विवेक उर्फ दीपक तोमर है। अब पुलिस की एक टीम मालिक की तलाश में जुट गई है और उसकी भूमिका की जांच की जा रही है।

**तीन हजार रुपए में होती थी लड़कियों की डील**-पुलिस को मैनेजर से पूछताछ में पता चला है कि स्पा सेंटर पर एंट्री फीस एक हजार रुपए है। जब कस्टमर युवती की मांग करता था तो उससे दो हजार रुपए और लिए जाते थे। तीन हजार रुपए में लड़कियों की डील होती थी, जिसमें 1500 रुपए मैनेजर लेता था और 1500 रुपए उस युवती को मिलते थे जिसकी डील हुई है। एएसपी कृष्ण लालचंदानी का कहना है कि पुलिस ने एक स्पा सेंटर पर छापामार कार्रवाई की है।

# ग्वालियर में मजिस्ट्रेट के घर लाखों की चोरी



**ग्वालियर।** चोरों ने दिनदहाड़े एक मजिस्ट्रेट के घर को टारगेट कर लाखों रुपए का माल पार कर दिया। घटना वसंत विहार इलाके की है। चोरों ने ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल कितना सामान चोरी गया है इस बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार घटना वसंत विहार में रविवार दोपहर की है। मजिस्ट्रेट के घर चोरी की खबर मिलते ही आला अधिकारी स्पॉट पर पहुंच गए थे। पुलिस आसपास लगे कैमरे खंगाल रही है।

ग्वालियर के झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित बसंत विहार में रहने वाले मजिस्ट्रेट रिजवी के घर चोरी हुई है। बताया गया है कि मजिस्ट्रेट कुछ दिन पहले शहर से बाहर गए हुए थे। घर की रखवाली एक सिक्योरिटी गार्ड के भरोसे थी। सिक्योरिटी गार्ड रात भर ड्यूटी पर रहता था और सुबह अपने घर चला जाता था। शनिवार पूरी रात गार्ड ने पहरा दिया था और सब कुछ ठीक था। गार्ड रविवार सुबह चला गया था। शाम को वापस ड्यूटी करने आया तो चोरी हो चुकी थी। मामले की सूचना उसने मजिस्ट्रेट रिजवी और पुलिस को दी है।

# विधायकों को टाइम मैनेजमेंट सिखाएंगे केंद्रीय मंत्री

## पचमढ़ी में 3 दिन के ट्रेनिंग कैम्प में अमित शाह बताएंगे

गुड इवनिंग, भोपाल

मप्र के विधायकों, सांसदों और मंत्रियों की पचमढ़ी में तीन दिनों तक ट्रेनिंग होगी। 14 जून से 16 जून तक पचमढ़ी में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी अलग-अलग सत्रों में दी जाएगी। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने वाले विधायक-सांसदों को सुबह 6:00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7:00 से 8:00 के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी।

13 जून की रात तक सभी प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद और मंत्री पचमढ़ी पहुंच जाएंगे। 14 जून को दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। अमित शाह के साथ मंच पर सीएम डॉ मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

**पहले दिन होंगे चार सत्र**-डेढ़ घंटे के लंच ब्रेक के बाद करीब साढ़े तीन बजे से पहला सत्र होगा। इस सत्र में ?हमारा विचार और पंच निष्ठा? विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल



भार्गव संबोधन देंगे। इसके बाद दूसरे सत्र में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा की कार्यपद्धति पर जानकारी देंगे।

**एक ही सत्र में 3 ग्रुप बनेंगे**-दूसरे दिन के शुरूआती सत्र में विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे।

दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुगार्दास ऊईके संबोधित करेंगे।

# जनमित्र केन्द्र में महिला कर्मचारियों में मारपीट

गुड इवनिंग, ग्वालियर

जनमित्र केंद्र में महिला कर्मचारियों के बीच शनिवार दोपहर मारपीट हो गई। जब एक कंप्यूटर ऑपरेटर डेटा अपडेट कर रही थी, तभी एक महिला क्लर्क ने पीछे से आकर उस पर हमला कर दिया। पहले उसने थप्पड़ मारे, फिर जूती से चेहरे और सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। मारपीट करने वाली महिला कर्मचारी को शक था कि कम्प्यूटर ऑपरेटर उसके बारे में अन्य लोगों से अन्य लोगों से बुराई कर रही है और अफवाहें फैला रही है। जिससे नाराज होकर उसने हमला किया है। यह घटना वार्ड क्रमांक 65 के जोन नंबर 18 स्थित जनमित्र केंद्र में हुई। मारपीट में घायल कंप्यूटर ऑपरेटर ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**हमले में मालती के चेहरे और मुंह पर गंभीर चोटें आई**-शहर के वीरपुर बांध स्थित कचरा फैक्ट्री के पास निवास करने वाली 35 वर्षीय मालती निरंजन (पटेल), पत्नी संजीव निरंजन, वार्ड क्रमांक 65 के जोन-18 के जनमित्र केंद्र में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर कार्यरत है। इसी केंद्र में नेहा राजपूत नाम की एक महिला क्लर्क भी पदस्थ है।

जब मालती एक सहकर्मी से बातचीत करने के बाद कंप्यूटर में डेटा अपडेट कर रही थी, तभी नेहा राजपूत पीछे से आई और गालियां देते हुए उस पर हमला कर दिया। मालती कुछ समझ पाती, उससे पहले ही नेहा ने उसके चेहरे पर घूंसे मारने शुरू कर दिए। मालती ने जब अपने बचाव में विरोध करना चाहा, तो नेहा ने पैरों से जूती निकालकर उसके चेहरे को निशाना बनाकर मारना शुरू कर दिया। आरोपी महिला कर्मचारी काफी देर तक मालती की पिटाई करती रही। बाद में स्टाफ ने बीच-बचाव कर मालती को छुड़ाया और उसे शांत कराया। हमले में मालती के चेहरे और मुंह पर गंभीर चोटें आई हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा- कैथलैब का नए सिरे से होगा टेंडर

# जेपी के नए भवन का प्लान फिर बदला

गुड इवनिंग, भोपाल

*जेपी अस्पताल का बहुप्रतीक्षित 5 मंजिला नए भवन का प्लान एक बार फिर से अपडेट किया जा रहा है। यही नहीं, पहले कैथलैब बनाने के प्रोजेक्ट को कैंसिल करते हुए पुरानी टेंडर प्रक्रिया रोक दी गई। लेकिन यह मामला जब उप मुख्यमंत्री डॉ. राजेंद्र शुक्ल के संज्ञान में आया तो उन्होंने जल्द नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया कर यह सुविधा शुरू करने के आदेश दिए हैं। हालांकि, चिंताजनक बात यह है कि इस लेटलतीफी का सीधा खामियाजा उन दिल के मरीजों को भुगतना पड़ेगा जिन्हें सरकारी इलाज की सबसे ज्यादा जरूरत है।*

इधर, इस महीने की 30 तारीख को यह नया भवन अस्पताल प्रशासन को सौंपा जाना था। लेकिन, यह तीसरी डेडलाइन एक बार फिर, भवन अधूरा होने के कारण आगे बढ़ सकती है। अब तक भवन की चौथी मंजिल और पांचवी मंजिल का काम पूरा नहीं हुआ है। यही नहीं, इस नए भवन को पुराने भवन से जोड़ने का काम अब तक शुरू ही नहीं किया गया है।



**सिर्फ कागजों पर ही रह गया प्रोजेक्ट**-साल 2023 में विभाग ने जेपी अस्पताल में 30 बेड की एक एडवांस कार्डियक यूनिट बनाने का प्रस्ताव मंजूर किया था। इसे अप्रैल 2024 तक शुरू किया जाना था, लेकिन बार-बार प्रोजेक्ट में देरी होती गई और इसके साथ ही इसकी लागत भी बढ़ती गई। इस बेहिसाब देरी और लागत वृद्धि का नतीजा यह हुआ कि कैथलैब (दिल से जुड़े ऑपरेशनों के लिए एक विशेष ऑपरेशन थिएटर) के लिए जरूरी मशीनों का टेंडर खुलने के बाद भी, इसे रद्द कर दिया गया। इस यूनिट में मॉडर्न कैथ लैब के साथ-साथ दिल की जटिल सर्जरी के लिए जरूरी सभी उपकरण होने का दावा किया गया था, लेकिन अब यह सब सिर्फ कागजों पर ही रह गया है।

**मरीजों को महंगे इलाज के लिए होना पड़ेगा मजबूर**-कैथलैब के प्रोजेक्ट की देरी की सबसे ज्यादा मार गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर पड़ेगी। दिल से जुड़ी जांचें और ऑपरेशन, जो सरकारी अस्पताल में बेहद कम या मुफ्त में होते हैं, अब उन्हें निजी अस्पतालों में लाखों रुपए खर्च करके करवाने पड़ेंगे।



# राज्य फुटबॉल स्पर्धा के लिए दो दिवसीय चयन स्पर्धा आयोजित

गुड इवनिंग, धार

मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के निर्देश पर स्थानीय एसपीडीए खेल मैदान पर जिला फुटबॉल संघ द्वारा पुलिस विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, नगर पालिका परिषद एवं जिला भोज चिकित्सालय के सहयोग से जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल स्पर्धा के लिए दो दिवसीय चयन स्पर्धा का आयोजन किया गया। डीएफए सचिव सुभाष डेविड ने बताया कि चयन स्पर्धा के माध्यम से जिले के 40 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है जिनको लेकर एसपीडीए खेल मैदान, डीआरपीलाइन में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा तथा राज्य स्पर्धा हेतु अंतिम 18 खिलाड़ियों की घोषणा की जाएगी। सरदारपुर, बदनावर में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

एसपीडी खेल मैदान पर चयन स्पर्धा के समापन के अवसर पर डीएफए कार्यकारी अध्यक्ष शमशेर सिंह यादव ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथि परिचय दिया। पंडित बृजमोहन छोटू शास्त्री मुख्य अतिथि थे, पुरुषोत्तम बिश्नोई रक्षित निरीक्षक डीआरपी लाइन द्वारा अध्यक्षता की गई। दिलीप जोगलेकर और अजय चौधरी तथा कपिल यादव विशेष अतिथि थे।

फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड और आशीष अम्लियार ने अतिथियों का खिलाड़ियों से परिचय करवाया। पंडित छोटू शास्त्री ने कहा फुटबॉल खेल क्षमताओं के साथ खेलें तो सफलता निश्चित है। आप राज्य स्तर पर धार का नाम रोशन करें। आर आई विश्नोई जी ने कहा कि खेलों के माध्यम से उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त होता है और व्यक्तित्व में निखार आता है तथा श्रेष्ठ नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त होता है। जोगलेकर ने कहा सेना में अनुशासन होता है वैसे ही की खेलों में अनुशासन आवश्यक है। चौधरी ने कहा की प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल की बारीकियां सीख राज्य स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करें।

कपिल यादव ने कहा फुटबॉल दमखम का खेल है नियमित अभ्यास से सिद्धता हासिल करें। इस अवसर पर भादर सिंह पंवार, राजू फ्रांसिस,राजेश सक्सेना, विनोद यादव,छगन अम्लीयार, सादिक खान, सचिन पॉल, राहुल पॉल, लखन भाटिया, खालको जी, सौम्या यादव, चंचल खराड़ी, नताशा सोनू गांवड़, विक्रम भूरिया, निर्मल वाल्टर, आशीष अम्लियार, एनोश, पलाश, आदित्यनाथ, तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। संचालन वरिष्ठ प्रशिक्षक शमशेर सिंह यादव द्वारा किया गया तथा आभार संयोजक राजीव डेविड द्वारा माना।



# जैतापुर थाने से फरार 2 आरोपियों को पंजाब से किया गिरफ्तार

## आरोपी पुलिस रिमांड के दौरान हुए थे फरार

गुड इवनिंग, खरगोन

30 मई को जैतापुर थाने पर सूचना के आधार पर पंजाब राज्य के दो आरोपीगण वीरपाल पिता मुख्तयारसिंह उम्र 20 साल निवासी ग्राम मुलेवाल तहसील शाहकोट जिला जालंधर पंजाब, जगवींदरसिंह पिता जगतारसिंह उम्र 25 साल निवासी ग्राम मुलेवाल तहसील शाहकोट जिला जालंधर पंजाब के कब्जे से दो अवैध देशी पिस्टल मय जिंदा रांउड जब्त कर अपराध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों का एक दिन का पुलिस रिमांड न्यायालय खरगोन के माध्यम से लिया गया था ।

पुलिस रिमांड अवधि के दौरान दिनांक 31 मई को तडके करीबन 03:45 बजे उक्त दोनों आरोपीगण थाना जेतापुर से फरार हो गए थे। आरोपियों के फरार होते ही नाकाबंदी की गई थी किंतु आरोपीगण खेतो के रास्ते एबी रोड पर पहुंचे व ट्रक से लिफ्ट लेकर फरार हो गये थे । पुलिस रिमांड शुदा अंतर्राज्यीय अवैध फायर आर्म्स तस्करों के फरार होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा एवं पुलिस अधीक्षक महोदय खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आला अधिकारियों की बैठक लेकर अति. पुलिस. अधीक्षक नरेंद्र रावत के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसके अंतर्गत पांच विशेष पुलिस टीम बनाकर फरार हुए आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु लगाया गया ।





जैतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन कुमार साइकिल रिक्शा चालक की वेशभूषा में।

पुलिस अधीक्षक द्वारा फरार आरोपियों पर 10000 रुपए के ईनाम भी घोषित किया था । जिसे पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज के द्वारा बडाकर कुल 20000 रुपए की उद्घोषण की गई थी । गठीत एसआईटी टीम के अंतर्गत चार पुलिस टीमो के द्वारा आरोपियों के फरार होने वाले रूट के समस्त सीसीटीवी फटेज देखने एवं रास्तों पर आने जाने वाले को आरोपियों के फोटो दिखाकर जानकारी जुटाने के लिये लगाया गया । एक टीम को आरोपीयो की पतारसी हेतु घटना के बाद से ही तत्काल पंजाब राज्य रवाना किया गया । फरार आरोपियों की पतारसी हेतु पंजाब राज्य भेजी गई। पुलिस टीम जिसमें उनि सुदर्शन कुमार, प्रआर मोहन मेडा, प्रआर मुकेश पटेल, आरक्षक दिपक तोमर व सैनिक नरेंद्र पांचाल के द्वारा पंजाब राज्य के जिला जालंधर थाना शाहकोट क्षेत्र में छद्म भेष धारण कर आरोपियों के निवास पते के आसपास लगातार रैकी कर जानकारिया जुटाई तो पता चला की दोनो आरोपीगण पिछले 7-8 दिनो से अपने घर नहीं पहुंचे हैं, तब पुलिस टीम के द्वारा धैर्य रखा एवं बिना गलती किये आसपास के क्षेत्र में रैकी की गई ।

जिसके परिणामस्वरूप पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपियों में से एक जगवींदरसिंह उर्फ सन्नी की पत्नी को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है जिसे देखने वह आ सकता है तो उक्त अस्पताल के संचालक से मदद लेकर पुलिस टीम वहां भी रैकी की तथा मदद हेतु एक अन्य पुलिस टीम को खरगोन से बुलाया गया । अस्पताल में भर्ती आरोपी की पत्नी को देखने आने वाले रिश्तेदारों से जान पहचान बडाकर जानकारी जुटाई गई तो विश्वसनीय सूचना मिली की 06.06.25 को आरोपी जगवींदरसिंह उर्फ सन्नी रेलवे स्टेशन रोड से आने वाला है।

सूचना पर से लोकल पुलिस थाना शाहकोट को अवगत कराया गया तथा आरोपी के आने वाले रास्ते पर घेराबंदी की गई तो जैतापुर थाने से फरार दोनो आरोपीगण वीरपाल एवं जगवींदरसिंह उर्फ सन्नी साथ में आते दिखे जिन्हें तत्काल पुलिस हिरासत में लिया गया व गिरफ्तार कर न्यायालय नकोदर जिला जालंधर पंजाब में पेश कर ट्राजिंट रिमांड पर थाना जैतापुर जिला खरगोन लाया गया।

# कुंदा को खनन के खेल से खोखला करने का काम निरंतर जारी

## शिकायते होने के बाद भी नहीं हो रही कोई कार्यवाही

गुड इवनिंग, खरगोन

शहर सहित ग्रामीण इलाकों की लाइफ लाइन कही जानी कुंदा नदी में काली रेत का अवैध तरीके से उत्खनन का काम बिना रोक टोक के लगातार जारी है। खनन का यह खेल कुंदा के तटीय इलाकों में लगातार चल रहा है, ऐसा नहीं है स्थानीय प्रशासन और खनिज विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है सबकुछ मालूम होते हुए भी इन्हीं के वरद हस्त से रेत उलीचने का यह काम दिन रात चलता रहता है। कभी कभार नाम मात्र की कार्यवाही कर विभाग इतिश्री कर लेता है। लाइफ लाइन कहीं जाने वाली कुंदा नदी के तट पर शहर सहित कुमार खेड़ा, भसनेर, उमरखली , मांगरूल सहित दर्जनों ग्राम बसे है लगभग हर ग्राम मै सक्रिय खनन कर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर उत्खनन किए जाने से हालात बिगड़ते जा रहे है।

**खाई में तब्दील होती जा रही है कुंदा :** शहर सहित ग्रामीण इलाकों में नजर डालोगे तो कुंदा नदी खाईयो मै तब्दील होती नजर आएगी। कुंदा तट पर बसे कुमारखेड़ा और उमरखली में हालात ओर भी भयावह है। यहां उत्खनन के चलते नदी खाईयो में तब्दील हो चुकी हैं। उत्खनन कताओं का खामियाजा पशुओं ओर ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है खाईयो में तब्दील हो चुकी नदी में कई पशुओं सहित बच्चों की भी मौत हो चुकी है। इस बात से आक्रोशित उमरखली कुमारखेड़ा के ग्रामीणों ने अनेकों बार सी एम हेल्प लाइन सहित जनसुनवाई में भी अपना पक्ष रखा लेकिन उत्खनन कर्ताओं पर खनिज विभाग और प्रशासन अब तक लगाम नहीं लगा पाया। इस मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी सावन सिंह चौहान से भी संपर्क करना चाहा लेकिन उन्होंने अपना फोन रिसीव नहीं किया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



गुड इवनिंग, धार

शनिवार को दानवीर राजा बली बलाई समाज संगठन की साधारण सभा का आयोजन दोपहर में धर्मशाला भवन आथर पर किया गया। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा हमारे महापुरुष गौतम बुद्ध, बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर राजा बली, कबीर साहेब आदि के छायाचित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर नमन करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी मान. बहादुर सिंह चौहान एवं विशेष अतिथि सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष मान. रमेशचन्द्र चौहान निपावली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मान. कालुसिंह सोलंकी उमरियाबड़ा ने की । संगठन सचिव मान. दशरथसिह चौहान एवं कोषाध्यक्ष- मोहनलाल चौहान ने समाज सदस्यों के समक्ष वार्षिक आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसका सभी सदस्यों द्वारा समर्थन किया। उसके बाद समाज के प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया जिसमें कक्षा 10 के बच्चे एवं 12 के छात्र थे कुल 27 में से 18 छात्राएं थी। समाज के टापर सौरभ संजय शिंदे ग्राम तुर्क बगड़ी का विशेष सम्मान किया गया।

## किसानों को कृषि से जुड़ी योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी दी

# दुधवास, मेलपिपलिया, कन्हा बुजुर्ग में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

गुड इवनिंग, खातेगांव

भारत सरकार द्वारा खरीफ सीजन के पूर्व आयोजित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि से जुड़ी योजनाओं एवं तकनीकी जानकारी से अवगत कराना है, जिससे वे अधिक लाभदायक और टिकाऊ खेती कर सकें।

इस अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 7 जून को यह यात्रा ग्राम पंचायत दुधवास, मेलपिपलिया एवं कन्हा बुजुर्ग पहुंची। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र देवास के वैज्ञानिक डॉ. आर. पी. शर्मा ने किसानों को उर्वरकों और कीटनाशकों के उचित छिड़काव की तकनीकी जानकारी दी। साथ ही, लघु एवं सीमांत किसानों को मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं पशुपालन को आयवर्धन के माध्यम के रूप में अपनाने का सुझाव दिया गया। सोयाबीन अनुसंधान केंद्र इंदौर से पधारे डॉ. संजीव कुमार ने किसानों को



सोयाबीन की उन्नत तकनीकों एवं किस्मों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि विभाग के उप संचालक गोपेश पाठक ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और रिज बेड पद्धति को अपनाने पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी केपी राजोरिया जनपद पंचायत खातेगांव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कृषि विस्तार अधिकारी संतरा मोगरे ने महिला किसानों को प्राकृतिक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे अपने परिवार को रसायनमुक्त भोजन उपलब्ध करा सकें। इस दौरान ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर श्याम लाठी ने प्राकृतिक खेती की विशेषताओं एवं लाभों के बारे में बताया। ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया से लेखराम गुर्जर ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन की योजनाओं की जानकारी दी,पशुपालन विभाग से डॉ. देवेंद्र बड़जात्या ने पशु टीकारण के लाभ बताए। कार्यक्रम की व्यवस्था सी. एस. मोगरे द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा पुरुष एवं महिला किसानों का स्वागत एवं कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में किसानों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिए गए। इस अवसर पर कई अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से:भाजपा मंडल महामंत्री विकास धनगर जी एवं सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराड़े लालू बघेल, ब्रजेश उपाध्याय, दिनेश पंवार, राजेश मीणा, कांता मुजाल्दे, ग्राम संगठन अध्यक्षः पुष्पा धनगर। कार्यक्रम का समापन में सरपंच रेखा बाई पति शैतान एवं सचिव महेश चन्द्र जोशी ने उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

# गिलगिस्तान में पाक के खिलाफ विद्रोह, सड़कों पर उतरा जनसैलाब

## प्रमुख हाईवे जाम कर दिए गए, भारत में मिलना चाहते हैं लोग

पेशावर, एजेंसी




पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र इस समय भीषण जनआंदोलन और आंतरिक उथल-पुथल का गवाह बन चुका है। यहां आम जनता, शिक्षक और व्यापारी सभी वर्ग पाकिस्तान की दमनकारी सरकार और नीतियों के अलावा पाकिस्तान की सेना-समर्थित सरकार द्वारा पारित विवादित भूमि और खनिज अधिनियम के खिलाफ जनता सड़कों पर उतर आई है।

यह कानून स्थानीय लोगों की पारंपरिक जमीनों, पहाड़ों, ग्लेशियरों और खनिज संसाधनों को सरकारी संपत्ति घोषित करता है और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के लिए भूमि हस्तांतरण का रास्ता खोलता है। स्थानीय निवासियों ने इस कानून को अपनी पहचान और अधिकारों पर हमला करार दिया है और पाकिस्तान के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। सड़कों और प्रमुख हाईवे जाम कर दिए गए हैं, और प्रदर्शन में महिलाएं, छात्र और राजनीतिक कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

**लोगों का गुस्सा अब उबाल पर :** गिलगित-बाल्टिस्तान में पिछले एक सप्ताह से सैकड़ों स्कूली शिक्षक अपने अधिकारों और वेतन संबंधी मांगों को लेकर दिन-रात सड़कों पर धरने पर बैठे हुए हैं। पाकिस्तान सरकार की बेरुखी और लगातार अनदेखी के कारण शिक्षकों का गुस्सा अब उबाल पर है। वहीं दूसरी ओर, स्थानीय व्यापारी समुदाय ने काराकोरम हाईवे को पूरी तरह बंद कर दिया है। यह हाईवे चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की मुख्य जीवनरेखा मानी जाती है, और इसे रोककर व्यापारियों ने पाकिस्तान को सीधा आर्थिक झटका दिया है।

**भारत का स्पष्ट और अडिग रुख :** गिलगित-बाल्टिस्तान में भारत, पाकिस्तान और चीन की सीमाएं मिलती हैं। भारत ने हमेशा गिलगित-बाल्टिस्तान को जम्मू-कश्मीर का अविभाज्य हिस्सा माना है। यह क्षेत्र पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है, जिसे 1947-48 में जबरन हथिया लिया गया था। भारत सरकार ने बार-बार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस कब्जे को रद्द करने की अपील की है। 2019 में जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जे के खत्म होने के बाद भारत ने पुनः स्पष्ट किया कि पीओके और गिलगित-बाल्टिस्तान का संप्रभु अधिकार भारत का है।

**पाकिस्तान-चीन का विरोध :** पाकिस्तान की सेना इस क्षेत्र में दबाव बढ़ा रही है ताकि चीन को उढएउ के तहत पूरी तरह से कब्जा दिया जा सके। स्थानीय लोगों को उनकी जमीनों से बेदखल कर के प्राकृतिक संसाधनों की लूट की जा रही है। सुरक्षा बलों ने सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। कानून का विरोध करने वालों पर देशद्रोह और आतंकवाद के झूठे आरोप लगाए गए हैं। इस दमन के बावजूद विरोध तेज हो रहा है, जो पाकिस्तान की नाकामयाबी और आंतरिक टूट को दर्शाता है।

# इंदौर के बाद अब यूपी के कपल की खोज

## प्रतापगढ़ यूपी का कपल भी सिक्किम में हनीमून से हुआ लापता



नई दिल्ली, एजेंसी

अभी मेघालय में इंदौर के नवविवाहित युवक राजा की रहस्यमयी मौत और उसकी पत्नी सोनम की गुमशुदगी के राज से पर्दा उठा भी नहीं है कि पूर्वोत्तर से एक और कपल की गुमशुदगी का मामला सामने आ गया है। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले से हनीमून मनाने सिक्किम गए नवविवाहित जोड़े के लापता होने की खबर सामने आई है। जिसके बाद से परिजनों में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने उत्तर प्रदेश और सिक्किम सरकार से गुहार लगाई है कि उनके बेटे और बहू को जल्द से जल्द ढूंढ़ा जाए। लापता कपल की पहचान कौशलेंद्र सिंह और अंकिता सिंह के रूप में हुई है। यह कपल 24 मई को हनीमून के लिए सिक्किम गया था। 29 मई के बाद से उनका परिजनों से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। लड़के के पिता शेर बहादुर सिंह समेत सात लोग सिक्किम पहुंच चुके हैं और प्रशासन से लगातार मदद की गुहार लगा रहे हैं।

**1000 फीट गहरी खाई में जा गिरा ट्रैवलर :** जानकारी के मुताबिक, 29 मई की रात चुंगथांग से गंगटोक लौटते वक्त उनका ट्रैवेलर भारी बारिश के दौरान फिसल कर लगभग 1000 फीट गहरी खाई में जा गिरा और नदी में समा गया। इस हादसे में वाहन में सवार 10 पर्यटकों में से एक की मौत हो गई। दो घायल हैं, जबकि आठ लोग अब भी लापता हैं। लापता लोगों में कौशलेंद्र और अंकिता भी शामिल हैं।

**सदमे में है पूरा परिवार :** हादसे के बाद से दोनों परिवार सदमे में हैं. कौशलेंद्र के पिता शेर बहादुर सिंह, जो भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भाई हैं, बेटे और बहू की तलाश में सिक्किम पहुंचे हुए हैं और वहां प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं। कौशलेंद्र दिल्ली में रहकर सिविल सेवा की तैयारी कर रहे थे, जबकि अंकिता लखनऊ के मेदांता अस्पताल में मेडिसिन विभाग में कार्यरत हैं। मौके पर एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चला रही है, लेकिन खराब मौसम के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में दिक्कतें आ रही हैं।

# चिराग पासवान ने आरा से फूंका चुनावी बिगुल

## बोले- मैं बिहार और उसके लोगों के लिए लड़ूंगा चुनाव

पटना, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि इस साल के उत्तरार्द्ध में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में उन्हें किस सीट से चुनाव लड़ना चाहिए, यह बिहार की जनता को तय करना है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष पासवान ने भोजपुर जिले के आरा में एक रैली में यह बयान दिया। इस रैली से चिराग की पार्टी ने चुनावी बिगुल फूंका। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले गढ़े गए अपने एक पुराने नारे को याद करते हुए चिराग ने कहा, मैं बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। मैं बिहार और उसके लोगों के लिए चुनाव लड़ूंगा। मैं रामविलास पासवान का बेटा हूं। मैं अपने पिता के सपनों को साकार करूंगा और बिहार को बदलने के लिए बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट के लिए काम करूंगा। उस समय वह अपने पिता द्वारा स्थापित लोक जनशक्ति पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। बाद में पार्टी विभाजित हो गई और निर्वाचित आयोग ने उनके और उनके चाचा पशुपति नाथ पारस के नेतृत्व वाली पार्टी के गुटों को नए नाम और प्रतीक आवंटित किए। चिराग (42) हाजीपुर से सांसद हैं।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए

# बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर, आधुनिक और भव्य बनेगा

मथुरा, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर बनाने की दिशा में काम कर रही है। यह कॉरिडोर वर्षों से श्रद्धालुओं की मांग रही है। बांके बिहारी मंदिर घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच स्थित है। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए कुंज गलियों से गुजरना पड़ता है, जो न केवल असुविधाजनक है बल्कि भीड़भाड़ के चलते कई बार अव्यवस्था और दुर्घटनाओं का कारण भी बनता रहा है।

यहां होल्डिंग एरिया, शौचालय, आपातकालीन मार्ग, परिक्रमा व्यवस्था जैसी आवश्यक जनसुविधाओं का भी घोर अभाव है। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या के अनुपात में यह स्थान अत्यंत अपर्याप्त है। यही नहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 1939 में ही सिविल कोर्ट की ओर से यहां रिसीवर की नियुक्ति हुई थी, लेकिन रिसीवर की अनुपस्थिति में यहां श्रद्धालुओं को घोर अव्यवस्था और शोषण का सामना करना पड़ता है।

इसके साथ ही, रास्ते में पड़ने वाले जर्जर भवन भी हादसों की वजह बन चुके हैं। ऐसे में यह कॉरिडोर जन सुविधा और समय की अनिवार्यता बन गया है। कॉरिडोर बनने से न सिर्फ सुविधा बढ़ेगी, बल्कि श्रद्धालुओं की संख्या में भी व्यापक इजाफा होगा। जिससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर और व्यापार की संभावनाएं दोनों बढ़ेंगी।

**कॉरिडोर को लेकर प्रतिबद्ध है सरकार :** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद योगी सरकार श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए तेजी से काम में जुट गई है, ताकि भक्त अपने आराध्य के सहज, सुरक्षित और गरिमामय दर्शन कर सकें। कॉरिडोर निर्माण की इस पहल को समाज के विभिन्न वर्गों, सेवायतों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और कलाकारों का व्यापक समर्थन प्राप्त हो रहा है।

## बिजनेस

# अमेजन ने गुडरीड्स रिव्यू प्लेटफॉर्म और किंडल यूनिट में की छंटनी

### 100 कर्मचारियों को बहर किया




नई दिल्ली, एजेंसी

ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने एक बार फिर छंटनी का रुख अपनाया है। इस बार कंपनी ने अपने बुक्स डिवीजन, जिसमें गुडरीड्स रिव्यू प्लेटफॉर्म और किंडल यूनिट शामिल हैं, से 100 से कम कर्मचारियों को नौकरी से बाहर का रास्ता दिखाया है। अमेजन का कहना है कि यह कदम संचालन को अधिक कुशल बनाने और व्यवसायिक प्राथमिकताओं के अनुरूप संसाधनों का दोबारा वितरण करने के लिए उठाया गया है। अमेजन के प्रवक्ता के अनुसार, हम अपने बुक्स बिजनेस को ऑपरेशनल रूप से बेहतर बनाने और कंपनी की दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप ढालने के लिए कुछ पद समाप्त कर रहे हैं। यह छंटनी अमेजन के उस व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसके तहत कंपनी मैनजेरियल लेयर को छोटा करने और नौकरशाही खत्म करने पर फोकस कर रही है। इससे पहले डिवाइसेस और सर्विसेज, वंडरी पॉडकास्ट, स्टोर्स और कम्युनिकेशन टीम्स से भी कर्मचारियों की छंटनी की गई थी।

**जहां छंटनी, वहीं भर्ती भी जारी :** हालांकि, एक ओर अमेजन छंटनी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कंपनी ने इस साल की पहली तिमाही में करीब 4,000 नई भर्तियां भी की हैं। यह आंकड़ा पिछली तिमाही के मुकाबले उल्लेखनीय है और यह दिखाता है कि अमेजन संचालन के पुनर्गठन के साथ-साथ रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश भी कर रहा है।

**10 बिलियन डॉलर का नया डेटा सेंटर प्रोजेक्ट :** इस बीच अमेजन ने अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में एक बड़े डेटा सेंटर कैंपस के निर्माण की घोषणा की है। कंपनी इस परियोजना में लगभग $10 बिलियन का निवेश करेगी, जिससे 500 से अधिक नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। यह केंद्र एआई और क्लाउड कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को और मजबूत करेगा। रिचमंड काउंटी स्थित इस साइट पर 20 अत्याधुनिक बिल्डिंग्स बनेंगी, जिनका आकार 2 लाख से 2.25 लाख वर्गफीट तक होगा। यह कैंपस अमेजन की तकनीकी क्षमता को अगले स्तर पर ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# हीरा कारोबार में उतरेंगे अनिल अग्रवाल दुनिया की नामी कंपनी खरीदने की तैयारी

## 4.9 बिलियन डॉलर है डी बीयर्स की बुक वैल्यू

मुंबई, एजेंसी




हीरा उद्योग में बड़ा उलटफेर होने जा रहा है और इस बार भारतीय उद्योगपति अनिल अग्रवाल की नजर इस पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दुनिया की जानी-मानी हीरा कंपनी डी बीयर्स को खरीदने की दौड़ तेज हो गई है, जिसमें वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अग्रवाल भी शामिल हैं। मौजूदा समय में डी बीयर्स की मूल कंपनी एंग्लो अमेरिकन इसे बेचने की योजना बना रही है, क्योंकि वह अब तांबा और लोहा जैसे मुख्य धातु कारोबार पर फोकस करना चाहती है। हालांकि, यह सौदा ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक बाजार में हीरों की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है।

वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल भी डी बीयर्स को खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उनकी कंपनी जाम्बिया और दक्षिण अफ्रीका में खदानें चलाती है। दो सूत्रों ने बताया कि अग्रवाल एक बड़े समूह के साथ मिलकर बोली लगा सकते हैं। हालांकि एंग्लो और अग्रवाल दोनों ने इस बारे में कुछ भी कहने से मना कर दिया। भारतीय कंपनियां केजीके ग्रुप और कपू गेम्स भी डी बीयर्स को खरीदने में रुचि दिखा रही हैं। ये कंपनियां हीरे को तराशने का काम करती हैं। ये डी बीयर्स की सबसे बड़ी ग्राहक भी हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने यह बात बताई। केजीके ग्रुप और कपू गेम्स ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया।

**कितनी है वैल्यू :** एंग्लो अमेरिकन ने बताया कि डी बीयर्स की बुक वैल्यू 4.9 बिलियन डॉलर है। कंपनी को पिछले दो साल में 3.5 बिलियन डॉलर का नुकसान भी हुआ है। कंपनी ने मोर्गन स्टेनली, गोल्डमैन और केन्टरव्यू को वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया है। ये सलाहकार कंपनी को बेचने, अलग करने या शेयर बाजार में लिस्ट कराने में मदद करेंगे। एंग्लो अमेरिकन ने कहा है कि उन्होंने वित्तीय सलाहकारों को बिक्री या डीमर्जर और संभावित लिस्टिंग में मदद करने के लिए रखा है। इसका मतलब है कि कंपनी डी बीयर्स को बेचने के अलावा उसे शेयर बाजार में भी लिस्ट करा सकती है।

# 3 महीने के लिए रद्द हुई 114 उड़ानें यात्रियों को होगी परेशानी

मुंबई, एजेंसी




अगर आप आने वाले कुछ महीनों में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं, तो आपको थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता। एयरपोर्ट के एक अहम रनवे की मरम्मत और अपग्रेडेशन के चलते 15 जून से 15 सितंबर 2025 तक रोजाना 114 उड़ानें रद्द रहेंगी।

इस अवधि में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है, हालांकि लंबे समय में इससे एयरपोर्ट की कार्यक्षमता और कोहरे के मौसम में उड़ानों की नियमितता बेहतर होगी।

**क्या हो रहा है अपग्रेड? :** दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ विदेह जयपुरियार ने जानकारी दी कि रनवे 10/28 पर दो बड़े तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम को अपग्रेड किया जा रहा है, ताकि लैंडिंग और टेक-ऑफ की प्रक्रिया ज्यादा सटीक और सुरक्षित हो सके। थ्री बी सिस्टम को अब रनवे के 10 वाले हिस्से पर भी लगाया जा रहा है। यह सिस्टम कम विजिबिलिटी, खासकर फॉग के समय, विमानों की सुरक्षित लैंडिंग में मदद करता है। अभी तक यह सुविधा केवल एक दिशा में थी।

**फ्लाइट्स पर क्या होगा असर? :** अपग्रेडेशन के काम के चलते 43 आने और 43 जाने वाली फ्लाइट्स के शेड्यूल बदले गए हैं। वहीं 114 आने-जाने वाली फ्लाइट्स डेली कैंसिल रहेंगी। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रभाव सामान्य दिनों में होने वाली 35 प्रश शेड्यूल वैरिएशन के बराबर ही है और यात्रियों को एडवांस में ही इसकी जानकारी दे दी गई है।

# पाम तेल का शुल्क घटने से कीमतें कम होंगी

नई दिल्ली, एजेंसी



पाम, सोया और सूरजमुखी सहित खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से एफएमसीजी कंपनियों को अपने मार्जिन में सुधार करने और लागत को स्थिर करने में मदद मिलेगी। विशेषज्ञों ने यह राय जाहिर की। उन्होंने कहा कि रोजमर्रे की जरूरत का सामान बनाने वाली कंपनियां खाद्य पदार्थों में पाम तेल का इस्तेमाल करती हैं।

इस कदम से न केवल खाद्य कंपनियों को फायदा होगा, जिनके लिए पामतेल उनके कच्चे माल की लागत का लगभग 25-30 प्रतिशत है, बल्कि साबुन निमार्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पाद पीएफएडी (पाम फैटी एसिड डिस्टिलेट) की कीमतें भी कम होंगी। सरकार ने पिछले सप्ताह कच्चे खाद्य तेलों पर मूल आयात कर में 10 प्रतिशत की कमी की थी। शुल्क में कटौती 31 मई, 2025 से प्रभावी है।

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल), जो सिंथॉल और गोदरेज नंबर वन जैसे साबुन ब्रांडों का मालिक है, ने इसे एक सकारात्मक कदम बताया। कंपनी ने कहा कि इससे उन्हें लागत को स्थिर रखने में मदद मिलेगी। जीसीपीएल के बिक्री प्रमुख (भारत) कृष्ण खटवानी ने कहा, पामतेल पर आयात शुल्क कम करने का सरकार का फैसला एक सकारात्मक कदम है। वैश्विक पाम ऑयल की कीमतों में नरमी के शुरूआती संकेतों के साथ-साथ यह कदम लागत को स्थिर करने में मदद करेगा।

नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, 10 प्रतिशत शुल्क कटौती उपभोक्ता मासिक मुद्रास्फीति को कम करेगी और खाद्य कंपनियों की लागत को कम करेगी। बीकाजी फूड्स, ब्रिटानिया, नेस्ले और आईटीसी जैसे खाद्य क्षेत्रों में काम करने वाली एफएमसीजी कंपनियां इस पहल की प्रमुख लाभार्थी होंगी।

# कार्लोस अल्कारेज ने जीता फ्रेंच ओपन खिताब



पेरिस, एजेंसी

स्पेन के 22 साल के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन चैम्पियन में एकल खिताब जीत लिया। रोलां गैरो स्टेडियम में 5 घंटे से लंबे चले संघर्षपूर्ण खिताबी मुकाबले में अल्कारेज ने इटली के जैनिक सिनर को पांच सेट में शिकस्त दी। अल्कारेज ने मुकाबला 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीता। उन्होंने यहां अपना खिताब बचाया। इसी के साथ अल्कारेज ने ग्रैंड स्लैम में अपना रिकॉर्ड 5-0 का कर लिया है। यानी यह उनका पांचवां ग्रैंड स्लैम फाइनल था और पांचवीं बार विजेता बने। विजेता को 25 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली जबकि रनरअप को 13 करोड़ रुपए मिले। वहीं ओपन एरा में छठी बार ऐसा हुआ जब फाइनल में शुरूआती दो सेट हारने के बाद कोई चैम्पियन बना हो। फ्रेंच ओपन के सिंगल्स कैटेगरी के दोनों खिताब इस बार नंबर-2 खिलाड़ियों के खाते में गए। इससे पहले, शनिवार को वर्ल्ड नंबर-2 कोको गॉफ नंबर-1 आर्यना सबालेंका को हराकर चैम्पियन बनी थीं। अब रविवार को नंबर-2 अल्कारेज ने नंबर-1 सिनर को हराकर ऐसा किया।

ओपन एरा में केवल तीसरी बार पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम फाइनल का फैसला पांचवें सेट के टाई ब्रेक से हुआ। इससे पहले साल 2020 के यूएस ओपन में डोमिनिक थिएम और एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच फाइनल का नतीजा टाई ब्रेक से आया था, जिसमें थिएम विजेता बने थे। उससे पहले, विम्बलडन 2019 में जोकोविच ने पांचवें सेट के टाईब्रेकर में फेडरर को हराकर खिताब जीता था। यह ग्रैंड स्लैम में पहली बार हुआ, जब साल 2000 के बाद जन्मे खिलाड़ी फाइनल में आमने-सामने हुए। वहीं यह साल 2013 के बाद पहली बार हुआ, जब खिताबी मुकाबला वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप-2 खिलाड़ियों के बीच खेला गया। अल्कारेज- सिनर का यह फाइनल मुकाबला फ्रेंच ओपन में ओपन एरा का सबसे लंबा फाइनल रहा। यह मैच 5 घंटे 29 तक चला। इसने 6 जून 1982 के गुइलेरमो विलास (अर्जेंटीना) और मेट्स विलेंडर (स्वीडन) के फाइनल का रिकॉर्ड तोड़ा। 4 घंटे 42 मिनट तक चले उस मुकाबले को विलेंडर ने 1-6, 7-6, 6-0, 6-4 से जीता था। यह अल्कारेज की सिनर के खिलाफ लगातार पांचवीं जीत रही। उन्होंने पिछले महीने रोम मास्टर्स के फाइनल में भी सिनर को हराया था। दोनों के बीच अब तक 12 मैच खेले गए हैं, जिसमें से अल्कारेज ने 8 जीते हैं।

# इंग्लैंड में पहले टेस्ट से पूर्व टीम इंडिया ने शुरू की कड़ी ट्रेनिंग

## गिल की कप्तानी पर रहेगी नजर

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड पहुंचते ही शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने बिना समय गंवाए सीधे कड़ी ट्रेनिंग शुरू कर दी। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डबल्यूटीसी) चक्र की शुरूआत है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरूआत का संकेत भी देती है जिसमें कप्तान शुभमन गिल पर नजर रहेगी।

भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया पर भारत के ट्रेनिंग सेशन की एक झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, इंग्लैंड में टीम इंडिया की लय में आने का पहला नजारा। वीडियो में टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नए कप्तान शुभमन गिल, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत उच्च-तीव्रता वाले प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल हुए। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर और लॉर्ड्स इंडोर क्रिकेट सेंटर में उनकी कोचिंग टीम पैनी नजर बनाए हुए थी।

पांच मैचों की सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में होगा जिसके बाद लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमशः सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए सलामी बल्लेबाज और नंबर तीन बल्लेबाज के रूप में खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं जिसमें उनके नाम 5 शतक और 7 अर्धशतक हैं।

**कोहली-रोहित के बिना भी मैच के लिए लोगों में भारी क्रेज :** विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में टेस्ट से संन्यास के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज खेलेगी। यह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र 2025-27 की शुरूआत होगी। ऐसे में यह सीरीज और भी महत्वपूर्ण हो जाती है और इसके लिए भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में हैं। हालांकि रोहित-कोहली की गैर मौजूदगी में भी लोगों का रुझान कम नहीं हुआ है और इंग्लैंड में टिकटों की बिक्री एक अलग कहानी बयां करती है। इंग्लैंड के दर्शकों ने आगामी सीरीज का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है और मैच के टिकट बिक गए हैं। भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। मुंबई से लंदन पहुंची भारतीय टीम ने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। टीम ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनकी टीम की देख रेख में ट्रेनिंग की।



### शेड्यूल

**पहला टेस्ट :** शुक्रवार 20 जून, दोपहर 3.30 बजे, हेडिंग्ले के लीड्स में

**दूसरा टेस्ट :** बुधवार 2 जुलाई, दोपहर 3.30 बजे, एजबेस्टन के बर्मिंघम में

**तीसरा टेस्ट :** गुरुवार 10 जुलाई, दोपहर 3.30 बजे, लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में

**चौथा टेस्ट :** बुधवार 23 जुलाई, दोपहर 3.30 बजे, मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में

**पांचवां टेस्ट :** गुरुवार 31 जुलाई, दोपहर 3.30 बजे, लंदन के केनिंगटन ओवल में।

**भारतीय टीम :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।



# इंग्लैंड में ऋषभ पंत इतिहास रचने के करीब



नई दिल्ली, एजेंसी

टीम इंडिया का इंग्लैंड दौरा 20 जून से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए भारतीय टीम वहां पहुंच चुकी है। ९शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम के हौंसले बुलंद हैं। सभी खिलाड़ियों ने अभ्यास करना भी शुरू कर दिया है। इस भारतीय टीम के अंदर युवा खिलाड़ियों की फौज भरी हुई है। विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है, जिसके चलते अनुभव की कमी टीम के अंदर नजर आ रही है। इस दौरे पर गिल को कप्तान, जबकि ऋषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। पंत के ऊपर भी सभी क्रिकेट फैंस की नजरें रहने वाली हैं। उन्होंने विदेशी धरती पर टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। इंग्लैंड की धरती पर यदि ऋषभ पंत ने बल्ले से तहलका मचाया, तो नया इतिहास बन जाएगा। वह एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम लिखवा लेंगे। इंग्लैंड में पंत नया कीर्तिमान स्थापित करने से चंद कदम दूर हैं। यदि वह 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 222 रन बना लेते हैं, तो पूर्व कप्तान एमएस धोनी का बड़ा रिकॉर्ड टूट जाएगा। ऐसा करते ही वो बतौर विकेटकीपर/बल्लेबाज टेस्ट मैच में इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। फिलहाल इंग्लैंड की सरजमीं पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर/बल्लेबाज में महेंद्र सिंह धोनी का नाम आता है। उन्होंने बतौर भारतीय सबसे ज्यादा रन वहां जाकर बनाए हैं। धोनी के नाम इंग्लैंड में 23 पारी में कुल 778 रन हैं। इसके बाद इस सूची में विदेशी क्रिकेटर रोड मार्श, दक्षिण अफ्रीका के जॉन वेट, ऑस्ट्रेलिया के इयान हिली, वेस्ट इंडीज के जेफ डूजोन और भारत के फारूख इंजीनियर हैं।

# ताइवान ओपन में भारत का शानदार प्रदर्शन, 6 स्वर्ण जीते

नई दिल्ली, एजेंसी



तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा और कृष्ण कुमार ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन भारतीय दल के प्रभावशाली प्रदर्शन में अपने-अपने स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते।

यशस पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास में काफी वृद्धि हुई।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता, जो इस वर्ष का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय था, जिससे एथलीट को आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए कुछ उपयोगी रैंकिंग अंक हासिल करने में मदद मिली। तमिलनाडु की यह एथलीट 400 मीटर बाधा दौड़, 400 मीटर और 4400 मीटर रिले में प्रतिस्पर्धा करती है। इससे पहले उन्होंने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकंड और एशियाई चैम्पियनशिप फाइनल में 56.46 सेकंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके, लेकिन 74.42 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो उनके लिए इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह- फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास के साथ रजत जीता, जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ-त्सुन 73.95 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

पूजा ने महिलाओं की 800 मीटर दौड़ 2:02.79 सेकंड के चैम्पियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीती और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता, जिन्होंने 2:06.96 सेकंड का समय लेकर रजत पदक जीता। इसके बाद कृष्ण कुमार ने पीछे से वापसी करते हुए पुरुषों की 800 मीटर दौड़ में 1:48.46 सेकंड का समय लेकर शीर्ष पुरस्कार जीता, जो एक नया चैम्पियनशिप रिकॉर्ड भी है।

# नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करने के लिए उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ आज यहां होने वाले मैच में पहले मैच में मिली हार से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी। भारत ने शनिवार को पहले मैच में एक गोल की बढ़त गंवा दी और उसे ओलिंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम ने पहले हाफ के शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। नीदरलैंड ने हालांकि शानदार वापसी की तथा थिज वान डैम के दो गोल की मदद से जीत हासिल की। डैम के गोल में 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच और खेले जाने बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने मैच के बाद कहा, हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में




हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद पर कब्जा करने में सफल रहे, लेकिन हम गोल पर कोई शॉट नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा, इस तरह से हारना दुर्भाग्यपूर्ण था, क्योंकि मुझे लगा था कि हम ड्रॉ के लिए प्रयास कर सकते हैं। हम विशेष कर नीदरलैंड जैसी टीम के खिलाफ जितना हो सके उतना अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं।

अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में स्थान पक्का करने के लिए भारत का लक्ष्य शेष मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना तथा अपने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अधिकतम अंक हासिल करना होगा। भारत ने इस साल की शुरूआत में प्रो लीग का घरेलू चरण भुवनेश्वर में खेला था, जहां उसने आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक हासिल किए थे।

## संपादकीय

# देर आए, दुरुस्त आए...



**कनाडा को आखिरकार जी7 सम्मेलन के लिए भारत को न्योता देना पड़ा। यह नई दिल्ली के बढ़ते वैश्विक कद को दिखाता है। भारत को साथ लिए बिना दुनिया के सबसे ताकतवर और अमीर देशों के लिए भी अपने अजेंडे पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा।**

**दूसरे देशों का दबाव:** कनाडा के पीएम मार्क कार्नी पर खालिस्तान समर्थक संगठनों का बेहद दबाव था कि उसकी अध्यक्षता में होने वाले जी7 सम्मेलन में भारत को आमंत्रित न किया जाए। कार्नी सरकार ने शुरूआत में अलगाववादियों की मांग के सामने लगभग हथियार डाल ही दिए थे, लेकिन उनके बयान से जाहिर है कि मंच के बाकी सदस्य देश भारत की भागीदारी चाहते थे और इसके चलते कनाडा को झुकना पड़ा। उस पर यह प्रेशर भी होगा कि मेजबान होने के नाते अगर सम्मेलन सफल नहीं रहता है, तो जवाबदेही उस पर आएगी।

**दुनिया के हित में:** कार्नी ने खुद स्वीकार किया है कि एनर्जी, एआई, अहम खनिजों जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सबसे प्रभावशाली देशों को आमंत्रित करना जरूरी है। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे बड़ी आबादी होने के नाते भारत का इस सम्मेलन में होना स्वाभाविक है। यह नई दिल्ली नहीं, इस मंच और बाकी दुनिया के हित में है कि भारत इसका हिस्सा बने।

**भारत का बड़प्पन:** कनाडा ने आखिरी वक्त पर भारत को आमंत्रित किया, वह भी इस मुद्दे पर उठे विवाद के बाद। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे स्वीकार किया और कार्नी को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। यह भारत के जिम्मेदारी भाव और बड़प्पन को दशार्ता है कि कूटनीतिक तकाजों से अलग उसने हालात के मुताबिक फैसला लिया।

**अलगाववादियों पर एक्शन:** पीएम मोदी ने अपने मेसेज में कहा है कि भारत और कनाडा आपसी सम्मान व साझा हितों के मार्गदर्शन में मिलकर काम करेंगे। इसके मायने हैं कि भारत पिछली कड़वाहट को भुलाकर कनाडा के साथ संबंध सुधारने को तैयार है, लेकिन क्या कार्नी सरकार भी तैयार है? इसके लिए उसे अपने यहां मौजूद कट्टरपंथी और अलगाववादी तत्वों के प्रेशर से बाहर निकलना होगा।

**फायदा उठाए कनाडा:** भारत को बुलाना भले कनाडा की मजबूरी रही हो, लेकिन अब उसके पास इस अवसर का फायदा उठाने और अपनी गलती सुधारने का मौका है। पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के दौर में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर के चलते जो रिश्ता बिगड़ गया, कनाडा अब उसे सुधार सकता है।

# मृदुल, लक्ष्य और रीत ने जीता खिताब

गुड इवनिंग, इंदौर

इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय जिला रैंकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में बालक अंडर-15 आयु वर्ग में मृदुल पुरोहित और अंडर-17 आयु वर्ग में लक्ष्य ओझा ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए खिताबी सफलता हासिल की। वहीं बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में रीत इंगले ने खिताब जीता। अभय प्रशाल में खेली जा रही स्पर्धा में बालक अंडर-15 आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में मृदुल पुरोहित ने शौर्य भागिया को 3-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सेमीफानल में मृदुल पुरोहित ने मयंक सादेल को 3-2 से और शौर्य भागिया ने रक्षत चावड़ा को 3-1 से हराया।

बालक अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल में लक्ष्य ओझा ने अबु बकर को 3-0 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। सेमीफाइनल में लक्ष्य ओझा ने मृदुल पुरोहित को 3-2 से, अबु बकर ने वंष चैहान को 3-1 से हराया। बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के फाइनल में रीत इंगले ने आन्या त्रिवेदी को 3-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। सेमीफाइनल में रीत इंगले ने नेहल नाहर को 3-1 से तथा आन्या त्रिवेदी ने आर्वी जैन को 3-0 से पराजित किया।




## मध्य प्रदेश किकबॉक्सिंग तकनीकी सेमिनार संपन्न

**इंदौर।** एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा तीन दिवसीय वाको मध्य प्रदेश राज्य किकबॉक्सिंग तकनीकी डेवलपमेंट सेमिनार (तातमि एवं रिंग स्पोर्ट्स ) वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल एवं एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडवले के आतिथ्य में संपन्न हुआ। एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन आफ मध्य प्रदेश के सचिव आशुतोष दाधीच ने बताया कि इस तकनीकी सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय रेफरी और वाको रिंग कमेटी मेंबर विवेक ए. एस. एवं सीमा सैनी अंतरराष्ट्रीय रेफरी वाको ततामि कमेटी मेंबर ने किकबॉक्सिंग के सातों इवेंट की थ्योरी और प्रैक्टिकल जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर संतोष राठौड़, ब्रिज सिंह, रामकिशोर सोनी, अंबुज सिंह बघेल, जितेंद्र राठौर, दिनेश मटके, विजय बरोठिया, नरेंद्र चौहान, गौरव सनोतिया मौजूद थे।

## अशांक को दोहरी सफलता

**इंदौर।** सरताज अकादमी द्वारा आयोजित 61वीं टाइगर लीग बैडमिंटन स्पर्धा में अशांक मिश्रा ने बालक एकल और युगल खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। बालिकाओं का खिताब नायशा पुरोहित ने जीता। अशांक, अर्णव शाह के साथ बालक युगल में विजेता रहे।

नारायण बाग बाल विकास केंद्र बैडमिंटन हॉल में 31वें सरताज ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर के तहत आयोजित इस स्पर्धा में बालक एकल फाइनल में अशांक मिश्रा ने सारांश तिरोले को 21-17, 21-12 से हराया। बालिका वर्ग के खिताबी मुकाबले में नायशा पुरोहित ने ऋत्वी दवे को 21-17, 21-9 से पराजित किया। बालक युगल फाइनल में अशांक मिश्रा और अर्णव शाह ने शिवांश शर्मा और शिवांश सुनेरे को 21-11, 21-12 से हराया। टाइगर लीग स्पर्धा में बालक एकल में अर्णव शाह तीसरे स्थान पर रहे।

### गिरफ्तार आरोपियों ने 25 लोगों को बनाया अपना शिकार

# फर्जी फोन पे अप्लीकेशन से ठगी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

गुड इवनिंग, इंदौर

*कनाडिया थाना पुलिस ने ऐसे आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो फर्जी फोन पे एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों को अपना निशाना बनाते थे और लाखों रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम देकर फरार हो जाते थे पकड़े गए आरोपी अब तक 25 से अधिक लोगों को अपना निशाना बना चुके हैं अगर आप भी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर रुपए ले रहे हैं तो सावधान हो जाइए आपके साथ भी धोखाधड़ी हो सकती है ऐसा ही मामला कनाडिया थाना क्षेत्र में सामने आया है, जहां दो बदमाशों ने फर्जी फोन पे ऐप एप्लीकेशन के माध्यम से 25 से अधिक लोगों को लाखों रुपए का चूना लगा दिया, जिन्हें कनाडिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है।*



एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह ने बताया कि एक पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी, उसके पास दो व्यक्ति सुवेश परमार और धीरज गोयल आए और मेडिकल इमरजेंसी बता कर उसे ऑनलाइन 6000 दिए इसके बदले में उन्होने पेट्रोल पंप कर्मचारी से 6000 कैश ले लिए जब ट्रांजैक्शन हिस्ट्री चेक करने का बोला इस दौरान दोनों बदमाश वहां से अपनी गाड़ी लेकर भाग निकले। जब यह बात उसने अपने अन्य पंप कर्मचारी दोस्त को बताई तो उसने भी कहा कि उसके साथ भी इस तरह की धोखाधड़ी हुई है, जिसके बाद दोनों फरियादी थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया मामले की गंभीरता को देख पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जब उनसे पूछताछ की गई और उनकी मोबाइल हिस्ट्री चेक की गई जिसमें एक फर्जी फोन पे एप्लीकेशन पुलिस को मिली आरोपियों ने बताया कि उन्होंने टेलीग्राम के माध्यम से फर्जी फोन पर एप्लीकेशन डाउनलोड की थी जिसमें हु बहू ट्रांजैक्शन असली ट्रांजेक्शन जैसा दिखता है और जिसका स्कैनर स्कैन किया जाता है, सामने वाले व्यक्ति का भी नाम आता है, लेकिन सामने वाले व्यक्ति को रुपए प्राप्त नहीं होते हैं। वहीं आरोपियों ने बताया कि वह अब तक 25 से अधिक जगहों पर इस तरह की ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी कर चुके हैं यह अधिकतर पेट्रोल पंप भीड़ भाड़ वाली दुकान व बुजुर्ग व्यक्तियों को अपना निशाना बनाते थे फिलहाल अब पुलिस पकड़े गए आरोपी सुरेश परमार और धीरज गोयल से पूछताछ कर रही है और कहां-कहां इन्होंने धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया है।

## गजेंद्रसिंह राठौर हुए सम्मानित

गुड इवनिंग, इंदौर

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा केएफ रुस्तमजी पुरस्कार की घोषणा विगत दिवस की गई। यह पुरस्कार परम विशिष्ठ, अति विशिष्ठ व विशिष्ठ श्रेणियों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए गए। गजेंद्रसिंह राठौर आरक्षक 29 राज्य सायबर सेल जोन इंदौर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 50,000 राशि व प्रमाण-प्रत्र से सम्मानित किया गया।



गजेंद्रसिंह राठौर

## स्टूडेंट बनकर वाहन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

गुड इवनिंग, इंदौर

विजय नगर थाना पुलिस ने ऐसे वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जो

इंदौर शहर में स्टूडेंट बनकर आते थे, लेकिन उनका असली काम और असली मकसद वाहन चुराना होता था। ऐसे ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों से 9 दो पहिया वाहन बरामद किए हैं जो उन्होंने विजयनगर क्षेत्र से चुराए थे।

दरअसल, विजयनगर क्षेत्र में लगातार दो पहिया वाहन चोरी होने की घटनाएं सामने आ रही थीं, जिसके बाद पुलिस लगातार ऐसे ठिकानों पर निगाह रख रही थी जहां से वाहन चोरी होने की घटनाएं अधिक होती है। इसी कड़ी में पुलिस ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज निकाले और मुखबीर तंत्र सक्रिय किया, जिसके आधार पर पुलिस ने चार दो पहिया वाहन चुराने वाले बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में उदय लोधी गौरव नामदेव यश नामदेव और सुमित शर्मा है पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि वह इंदौर शहर में स्टूडेंट बनकर आते हैं और ऐसी जगह पर या खुले स्थानों पर खड़े होकर वाहनों पर निगरानी रखते हैं और उसमें मौका मिलते ही चाबी लगाकर या उसका लॉक तोड़कर मोटरसाइकिल लेकर फरार हो जाते हैं, वहीं उन्हें कम दामों में भी बेच दिया करते हैं। पकड़े गए आरोपियों में यश नामदेव पर पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## शहर में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे

गुड इवनिंग, इंदौर

शहर में शुक्रवार-शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसे हुए। इनमें कार और बाइक की टक्कर से चालक घायल हो गया। यह हादसा राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में हुआ। कार क्रमांक यूपी 54-4478 की टक्कर बाइक क्रमांक एमपी 09 डीएम 3752 से हुई। दुर्घटना के दौरान बाइक सवार तेजी से उछला और दूर जाकर गिरा, जिससे उसके सिर पर भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद वह अचेत हो गया। कार की गति काफी तेज थी। इसी प्रकार, एरोड्रम में रहने वाले लखन पिता कैलाशचंद्र भाटी ने सदर बाजार थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उनके पिता और माता वंदना स्कूटी से गुटकेश्वर मंदिर के पास वीआईपी रोड से जा रहे थे। तभी ऑरेंज कलर की बिना नंबर की स्कूटी के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं परदेशीपुरा पुलिस ने बताया कि भागीरथपुरा में रहने वाले अभिषेक पिता रामविलास चौधरी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह एमआर 04 भंडारी ब्रिज के नीचे से हिमांशु के साथ जा रहे थे, तभी ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। हातोद थाना क्षेत्र के निहारिका रेस्टोरेंट के पास अशोक नगर में रहने वाला बलराम पिता शिवनारायण गौड़ पैदल रोड क्रॉस कर रहा था तभी कार क्रमांक एमपी-09 झेडझेड 1905 के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया।

## सड़क दुर्घटना में घायलों को अब अस्पतालों में तुरंत उपचार मिल सकेगा

गुड इवनिंग, इंदौर

सड़क दुर्घटना में घायलों को अब अस्पतालों में तुरंत उपचार मिल सकेगा। उपचार का डेढ़ लाख रुपये तक का खर्च सरकार उठाएगी। यह सुविधा भारत सरकार द्वारा शुरू की गई कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम-2025 के तहत मिलेगी। प्रदेश में इस योजना को लागू किया जा रहा है। बता दें कि योजना का लाभ इंदौर के सभी अस्पतालों में मिलेगा और घायलों का कैशलेस उपचार हो सकेगा। इससे सड़क हादसे में घायल को जल्द शुरूआती उपचार मिल सकेगा और उसकी जान बचाई जा सकेगी। इंदौर के सभी अस्पतालों को इसके लिए पंजीयन करना




होगा, ताकि उनको उपचार के बाद भुगतान मिल सके। जिले में कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम-2025 के क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने सभी अस्पताल संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी अस्पताल तीन दिन में अपना पंजीयन करवा लें, जिससे आगामी सात दिन में योजना को पूरी तरह से लागू किया जा सके। बताया गया कि भारत सरकार ने पांच मई को कैशलेस स्कीम 2025 की शुरूआत की है, जो सड़क हादसों में घायल लोगों के लिए उपयोगी होगी। इसमें किसी भी अस्पताल में घायल व्यक्ति को डेढ़ लाख रुपये तक का उपचार आसानी से मिल सकेगा। इसके लिए किसी तरह के कागज, एडवांस और इंश्योरेंस की आवश्यकता नहीं होगी।

**दो हजार से अधिक हादसे हर माह**-इंदौर जिले में प्रत्येक माह लगभग दो हजार से अधिक सड़क हादसे होते हैं। हादसे के बाद वक्त पर उपचार नहीं मिलने की वजह से कई लोग जान गंवा देते हैं। वहीं अस्पताल भी एडवांस की मांग करते, तो कभी इंश्योरेंस पॉलिसी दिखाने पर अड़ जाते हैं। अब ऐसा नहीं होगा और घायल को समय पर उपचार मिल सकेगा। उपचार के दौरान सात दिन में अधिकतम डेढ़ लाख रुपये तक का खर्च सरकार उठाएगी।

### घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगी राशि

प्रदेश सरकार ने राहवीर योजना भी लागू की है। इसमें सड़क दुर्घटना में घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपये दिए जाएंगे। इस योजना को प्रदेश सरकार ने घायलों की मदद करने वालों को प्रेरित करने के लिए शुरू किया है, ताकि घायलों को भी तुरंत उपचार मिल सके। इससे हादसों के बाद घायलों की मदद करने के लिए लोग आगे आ सकेंगे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव धाम** द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग लून, 22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सफायर ट्विन्स, 102 फर्स्ट फ्लोर, पीयू 3, विजयनगर, एबी रोड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित। फोनः 0731-4000244
आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2017/72473 डाक पंजीयन क्रमांक- MP/IDC/1550/2020-2022, **प्रधान संपादक : राजीव धाम, एग्जीक्यूटिव संपादक गिर्राज सिकरवार**, स्थानीय संपादक : **कमलेश गुरु** *, (*समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार)। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।